News सिटी चीफ

वर्ष-14, अंक-360
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रुपया

**आज का विचार**
दूसरों की सोच से अधिक कर दिखाना ही आपकी असली सफलता है।

# सिटी चीफ

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM
इंदौर, मंगलवार 02 अप्रैल 2024
सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार





## पहली बार 10 ग्राम सोने की कीमत 68,964 रुपए पर पहुंची



**नई दिल्ली।** सोना सोमवार 1 अप्रैल को ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया । इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) की वेबसाइट के मुताबिक, 10 ग्राम सोना 1,712 रुपए महंगा होकर 68,964 रुपए का हो गया है। इस साल अब तक सिर्फ 3 महीने में ही सोने के दाम 5662 रुपए बढ़ चुके हैं। 1 जनवरी को सोना 63,302 रुपए पर था। चांदी में भी सोमवार तेजी देखने को मिली है। यह 1,273 रुपए महंगी होकर 75,400 रुपए प्रति किलो ग्राम पर पहुंच गई है। इससे पहले यह 74,127 रुपए पर थी। चांदी ने बीते साल, यानी 2023 में 4 दिसंबर को 77,073 का ऑल टाइम हाई बनाया था। बीते महीने यानी मार्च में सोने की कीमत में शानदार तेजी देखने को मिली थी। 1 मार्च को सोना 62,592 रुपए प्रति ग्राम पर था जो 31 मार्च को 67,252 रुपए प्रति ग्राम पर पहुंच गया था। यानी मार्च में इसकी कीमत में 4,660 रुपए की तेजी आई। वहीं चांदी भी 69,977 रुपए से बढ़कर 74,127 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। मार्केट एक्सपर्ट्स के अनुसार, आने वाले दिनों में सोने में तेजी देखने को मिल सकती है। इसके चलते इस साल के आखिर तक सोना 72 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। वहीं चांदी भी 75 हजार प्रति किलोग्राम तक पहुंच सकती है।

## मार्च में जीएसटी कलेक्शन 1.78 करोड़, सालाना आधार पर 11.5% बढ़ा




**नई दिल्ली।** मार्च में जीएसटी कलेक्शन में 11 प्रतिशत से अधिक का इजाफा हुआ है। वित्त मंत्रालय ने कहा है कि वस्तु व सेवा कर (जीएसटी) संग्रह मार्च में सालाना आधार पर 11.5 प्रतिशत बढ़कर 1.78 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। वित्त मंत्रालय के अनुसार यह अब तक का दूसरा सबसे बड़ा जीएसटी कलेक्शन है। अप्रैल 2023 से मार्च 2024 के वित्तीय वर्ष के लिए सकल जीएसटी संग्रह 20.14 लाख करोड़ रुपए रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 11.7 प्रतिशत अधिक है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए औसत मासिक सकल संग्रह 1.68 लाख करोड़ रुपए रहा, जो पिछले वित्तीय वर्ष के 1.5 लाख करोड़ रुपए से अधिक है। मार्च 2024 के लिए सकल वस्तु और सेवा कर जीएसटी राजस्व सालाना आधार पर 11.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.78 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। यह जीएसटी संग्रह का अब तक का दूसरा सबसे बड़ा आंकड़ा है। मंत्रालय के अनुसार कुल जीएसटी संग्रह में यह इजाफा घरेलू लेनदेन से जीएसटी संग्रह में 17.6 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि के कारण हुआ है।

## इलेक्ट्रिक गाड़ियां खरीदना हुआ महंगा

**नई दिल्ली।** नए वित्तीय वर्ष यानी सोमवार 1अप्रैल से इलेक्ट्रिक गाड़ियां खरीदना महंगा हो गया है। ऐसा इसलिए क्योंकि सरकार ने फास्टर एडॉप्शन एंड मैन्युफैक्चरिंग ऑफ इलेक्ट्रिक व्हीकल्स के तहत मिलने वाली सब्सिडी बंद कर दी है। इस स्कीम के तहत 22,500 रुपए तक की सब्सिडी दी जाती थी। हालांकि, सरकार ने सोमवार से इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्रमोशन स्कीम शुरू की है। यह 31 जुलाई 2024 तक वैलिड रहेगी। नई योजना के तहत इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर पर 10,000 रुपए तक की सब्सिडी मिलेगी। वहीं थ्री व्हीलर पर 25,000 तक सब्सिडी मिलेगी। इसके अलावा किया, टोयोटा और टाटा ने सोमवार से अपनी गाड़ियों के दाम बढ़ा दिए हैं। गाड़ियों के अलग-अलग मॉडल और वैरिएंट के अनुसार अलग-अलग कीमतें लागू होंगी। बीते दिनों टाटा ने बताया था कि इनपुट कॉस्ट बढ़ने के चलते उसने कीमतें बढ़ाने का फैसला लिया है।

# नवी मुंबई की केमिकल फैक्ट्री में लगी भीषण आग, दमकल की कई गाड़ियों मौके पर मौजूद



**मुंबई।** नवी मुंबई के एमआईडीसी में नवभारत इंडस्ट्रियल केमिकल कंपनी में भीषण आग लग गई। मौके पर दमकल की गाड़ियां मौजूद हैं और आग बुझाने का काम जारी है। किसी के घायल या हताहत होने की सूचना नहीं है।मलाड के एक व्यावसायिक इमारत में लगी थी आग इससे पहले मुंबई के मलाड में गुरुवार को भीषण आग लग गई थी। यह आग एक व्यावसायिक इमारत में लगी थी। आग दफ्तरी रोड स्थित सेंट्रल प्लाजा की पांचवीं और छठी मंजिल पर कुछ दुकानों तक ही सीमित थी।

रेलवे में क्रांति- नेशनल हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड को लोको पायलट के 400 से अधिक आवेदन मिले

# पहली बुलेट ट्रेन चलाने के लिए देश की महिला लोको पायलटों में क्रेज



**नई दिल्ली।** हर क्षेत्र में पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर साथ चल रहीं महिलाएं भारत की पहली बुलेट ट्रेन को चलाने में भी मेल लोको पायलट से पीछे दिखाई नहीं दे रही हैं। बुलेट ट्रेन को चलाने के लिए मांगे गए आवेदनों में बड़ी संख्या में महिला लोको पायलटों ने भी आवेदन किए हैं। इन सभी को जल्द ही ट्रेनिंग के लिए जापान भेजा जाएगा। 2026 में गुजरात के सूरत से बिलिमोरा तक ट्रायल रन किया जाएगा।

बुलेट ट्रेन चलाने वाली कंपनी नेशनल हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) के अधिकारियों ने बताया कि उन्हें 400 से अधिक आवेदन मिले हैं। इनमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी आवेदन किए हैं। अब इन्हें शॉर्टलिस्ट करने का काम किया जा रहा है।

**पहले बैच में 20 लोको पायलट की ट्रेनिंग-** उम्मीद है कि मई-जून तक इन लोको पायलट को ट्रेनिंग के लिए जापान भेज दिया जाए। पहले बैच में 20 लोको पायलट को ही जापान भेजा जाएगा। जापान में ये भारतीय लोको पायलट जापान की बुलेट ट्रेन शिनकानसेन पर ही ट्रेनिंग लेंगे। पूरी ट्रेनिंग का पीरियड करीब डेढ़ साल का होगा। ट्रेनिंग देने से पहले इन सभी को जापानी भाषा भी सिखाई जाएगी ताकि ट्रेनिंग लेने में लैंग्वेज को लेकर कोई अड़चन न आए।

**अभी चल रही है सब ऑपरेशंस एंड मेंटेनेंस की ट्रेनिंग-** इससे पहले भारत से 13 लोगों को ट्रेनिंग के लिए जापान भेजा गया है। यह सब ऑपरेशंस एंड मेंटेनेंस (ओ एंड एम) से संबंधित लोग हैं। देश की पहली बुलेट ट्रेन का प्रोजेक्ट मुंबई से गुजरात के साबरमती के बीच 508 किलोमीटर की दूरी के लिए तैयार किया जा रहा है। जिसमें कुल 12 स्टेशन बनाए जा रहे हैं।

**रेल मंत्री ने दिखाई बुलेट ट्रेन ट्रैक की पहली झलक-** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारत की पहली बुलेट ट्रेन के लिए बनाए जा रहे खास तरह के ट्रैक की पहली झलक दिखाई है। उन्होंने अपने एक्स हैंडल से इससे जुड़ा एक वीडियो पोस्ट किया है। इसमें उन्होंने देश के पहले बैलास्टलेस ट्रैक की खूबियां बताईं। वीडियो में गुजरात-मुंबई के बीच बन रहे इस ट्रैक की विस्तृत जानकारी दी गई है। साथ ही इसमें बुलेट ट्रेन चलने के सीन भी एनिमेटेड तरीके से शामिल किए गए हैं।

**स्पीड 320 किमी प्रति घंटा तक होगी-** अश्विनी वैष्णव ने बताया कि मेक इन इंडिया के तहत बनाए गए ये ट्रैक बैलास्टलेस हैं, यानी ऐसे ट्रैक, जिनमें हाई-स्पीड ट्रेनों का वजन सहने के लिए ट्रैक में बजरी और कंक्रीट के एंगल की जरूरत नहीं होती है। वैष्णव ने बताया कि इस ट्रैक पर स्पीड 320 किमी प्रति घंटा तक होगी। इनमें से 153 किलोमीटर वायाडक्ट का काम पूरा हो चुका है। इसके अलावा 295.5 किमी पीयर का काम भी पूरा हो चुका है।

लागू हुआ नया नियम

# उड़ान में देरी पर अब विमान से बाहर निकल सकेंगे यात्री



**नई दिल्ली।** उड़ान में देरी होने पर यात्री अब विमान से बाहर निकल सकेंगे। इसके लिए विमानन सुरक्षा निगरानी संस्था बीसीएएस ने नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। इसके तहत विमान में सवार होने के बाद उड़ान की रवानगी में लंबा विलंब होने पर यात्रियों को हवाई अड्डे के प्रस्थान द्वार के जरिये बाहर निकलने की अनुमति दी गई है। नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) के महानिदेशक जुल्फिकार हसन ने कहा कि नए दिशानिर्देश 30 मार्च को एयरलाइन कंपनियों और हवाई अड्डा संचालकों को जारी किए गए थे और अब ये लागू हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि ये दिशानिर्देश यात्रियों का कम उत्पीड़न सुनिश्चित करने में मदद करेंगे और उन्हें विमान में सवार होने के बाद लंबे समय तक बैठे नहीं रहना पड़ेगा। नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) का निर्देश हवाईअड्डों पर बढ़ती भीड़ और उड़ान में देरी के बढ़ते मामलों को देखते हुए आया है। कई बार यात्री विमान में सवार होने के बाद भी लंबे समय तक फंस जाते हैं। हालांकि, नए नियम के बाद अब उड़ान में लंबी देरी होने और अन्य आपात स्थिति के मामले में यात्रियों को संबंधित हवाई अड्डे के प्रस्थान द्वार से बाहर निकलने की अनुमति दी जाएगी। यात्रियों को विमान से उतारने का निर्णय संबंधित एयरलाइंस और सुरक्षा एजेंसियों द्वारा लिया जाएगा। जुल्फिकार हसन ने बताया कि हवाई अड्डों पर भीड़ से निपटने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। इस क्रम में हवाई अड्डों पर स्मार्ट सुरक्षा लेन भी स्थापित की जाएगी। बता दें कि देश में घरेलू हवाई यातायात तेजी से बढ़ रहा है और हर दिन लगभग 3,500 उड़ानें संचालित की जाती हैं। बढ़ते हवाई यातायात के बीच हवाई अड्डों पर भीड़ से निपटने के लिए बीसीएएस और अन्य अधिकारियों ने कई कदम उठाए हैं।

# तिहाड़ में तीन लेयर की सुरक्षा में रहेंगे केजरीवाल

**नई दिल्ली।** आबकारी नीति मामले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सोमवार शाम तिहाड़ जेल भेज दिया गया। वे जेल नंबर दो की एक सेल में रहेंगे। जेल सूत्रों ने बताया कि केजरीवाल तीन लेयर की सुरक्षा में रहेंगे। उनके सेल व आसपास करीब आधा दर्जन सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं, जिसकी मॉनिटरिंग जेल महानिदेशक करेंगे। इसके अलावा सेल की सुरक्षा के लिए एक हेड वार्डर तैनात रहेगा। क्यूआरटी टीम भी 24 घंटे निगरानी करेगी। सेल में एक टेलीविजन की व्यवस्था होगी। साथ ही वह लाइब्रेरी से किताब लेकर पढ़ सकेंगे। सोमवार शाम करीब 4.02 बजे जेल वैन से अरविंद केजरीवाल तिहाड़ के जेल नंबर दो में पहुंचे। जेल में पहुंचने के बाद उन्हें ड्योढ़ी (कार्यालय) पर ले जाया गया। जहां उनका नाम, पता सहित अन्य जानकारी हासिल करने के बाद जेल अधिकारियों ने उनका मेडिकल करवाया। इसके बाद उन्हें सेल में भेज दिया गया।

निजी स्कूलों की मनमानी सीएम मोहन यादव हुए सख्त

# खास जगह से किताबें-ड्रेस खरीदने का दबाव बनाया तो स्कूलों की खैर नहीं !



**भोपाल।** मध्यप्रदेश के स्कूलों में सोमवार से नया शिक्षण सत्र शुरू हो गया है। इसके साथ ही निजी स्कूलों की निर्धारित दुकानों से खरीदी करने दबाव बनाने के मामले सामने आए हैं। इस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संज्ञान लेकर मुख्य सचिव को आदेश जारी करने निर्देश दिए हैं। इसके बाद स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी जिला कलेक्टरों को पत्र जारी किया है। इसमें मध्यप्रदेश निजी विद्यालय फीस अधिनियम के तहत कार्यवाही करने को कहा गया है। इस अधिनियम के तहत स्कूल संचालक अभिभावकों पर निर्धारित दुकान से शिक्षण सामग्री, यूनिफॉर्म, किताबे खरीदने के दबाव बनाने के दोषी पाए जाते हैं तो उन पर दो लाख रुपए तक जुर्माना लगाने का प्रावधान है। बता दें अभी भी कई निजी स्कूलों की शिक्षण सामग्री, यूनिफॉर्म और किताबें निर्धारित दुकान पर ही मिल रही हैं। यहां से कुछ स्कूल संचालकों द्वारा अभिभावकों पर पुस्तके, यूनिफॉर्म, टाई, जूते, कॉपी आदि केवल चयनित विक्रेताओं से खरीदने का दबाव बनाया जा रहा है। इसको लेकर अब स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी जिला कलेक्टर को पत्र जारी किया है।

स्कूल शिक्षा विभाग की तरफ से जारी पत्र में छात्र या अभिभावक को औपचारिक या अनौपचारिक किसी भी तरह से निर्धारित दुकान से सामग्री खरीदने दबाव बनाने की शिकायत मिलने पर मध्य प्रदेश निजी विद्यालय अधिनियम (फीस तथा अन्य संबंधित विषयों का विनयमन) के तहत कार्यवाही करने को कहा गया है।

**हर साल अभिभावकों से मिलती है शिकायत-** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुताबिक स्कूल का नया सत्र शुरू हो गया है। कुछ निजी स्कूल संचालकों ने नए शिक्षण सत्र शुरू करते हुए विद्यार्थियों को पढ़ना भी शुरू कर दिया है। ऐसी स्थिति में हर साल कुछ स्कूल संचालक के खिलाफ पालकों की शिकायत आती है कि वे यूनिफॉर्म और कोर्स खरीदने को लेकर निर्धारित दुकान पर जाने के लिए पालकों पर दबाव बनाते हैं। इसी के चलते मध्य प्रदेश के सभी कलेक्टर को निर्देश दिए गए हैं कि वे इस प्रकार का कृत्य करने वाले स्कूल संचालकों पर कड़ी कार्रवाई करें। इस संबंध में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा भी पत्र जारी किए जा रहे हैं।

**रद्द की जा सकती है स्कूल की मान्यता-** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने यह भी अल्टीमेटम दिया है कि यदि कोई निजी स्कूल संचालक चेतावनी के बावजूद नियमों का उल्लंघन करता है तो स्कूल की मान्यता रद्द भी की जा सकती है। इसके अलावा 2,00,000 तक का जुर्माना भी हो सकता है। पूर्व में यह देखने में आया है कि कई पालकों ने कुछ निजी स्कूल संचालकों पर निर्धारित दुकान से यूनिफॉर्म, कोर्स आदि सामान खरीदने के लिए दबाव बनाया। पालकों ने यह भी आरोप लगाया कि कमीशन खोरी के चलते इस प्रकार का दबाव बनाया जाता है। पहली बार शिक्षा मंत्री के स्थान पर सीधे मुख्यमंत्री ने निजी स्कूल संचालकों को अल्टीमेटम दे दिया है।

**निजी स्कूल संचालकों में खलबली-** इस अल्टीमेटम का कितना लाभ पलकों को मिल पाता है यह तो वक्त बताएगा मगर मुख्यमंत्री के आदेश के बाद निजी स्कूल संचालकों में खलबली जरूर मच गई है। इंदौर की बात करें तो यहां नया शिक्षा सत्र शुरू होते ही सीबीएसई स्कूलों की मनमानी शुरू हो गई है। स्कूल परिणाम के साथ ही पालकों के किताबों की लिस्ट भी दी जा रही है। ये किताबें भी तय दुकानों पर हजारों रुपए में मिल रही हैं, जबकि सीबीएसई स्कूलों को एनसीईआरटी की किताबों का ही उपयोग करना है, लेकिन अलग-अलग स्कूल अपने-अपने तरीके से पालकों को महंगी पुस्तकों का सेट खरीदने पर मजबूर कर रहे है। इधर एनसीईआरटी की किताबों की बात करें तो पहली कक्षा का सेट महज 195 रुपए में आ रहा है, जबकि सीबीएसई स्कूलों में कक्षा एक का सेट तीन से लेकर पांच हजार रुपए में आ रहा है।

# इंदौर में एक अप्रैल की सुबह दर्ज किया गया चार वर्ष में सबसे कम तापमान



**इंदौर।** एक दिन पूर्व देश में प्रवेश कर चुका पश्चिमी विक्षोभ सोमवार को उत्तर-पश्चिमी उत्तर प्रदेश में एक द्रोणिका के रूप में बना हुआ है। इसके अतिरिक्त पूर्वी मप्र से लेकर तमिलनाडु तक भी एक द्रोणिका बनी हुई है। ऊपरी मंडल में हवा का बहाव उत्तर-पश्चिमी हो जाने के चलते तापमान में वृद्धि का सिलसिला सोमवार को थम गया। प्रदेश भर में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई।प्रदेश में इंदौर में एक अप्रैल की सुबह चार वर्ष में सबसे कम तापमान दर्ज किया गया। यहां सोमवार सुबह न्यूनतम तापमान रविवार की अपेक्षा 4.5 डिग्री गिरकर 18.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। एक अप्रैल 2019 में यही तापमान दर्ज किया गया था। मौसम विभाग के पूर्व वरिष्ठ विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि पिछले 24 घंटों में तापमान की बढ़त थमी है। यही नहीं, अधिकतर हिस्सों में कमोबेश गिरावट ही दर्ज की गई, लेकिन यह अस्थाई ट्रेंड है। वर्तमान में सूर्य की किरणों सीधी पड़ रही हैं और 12 घंटे से अधिक धूप तप रही है। ऐसे में मौसम प्रणालियों का असर कम होते ही तापमान में बढ़त का क्रम फिर दिखेगा। अगले दो से तीन दिनों में दो से तीन डिग्री की बढ़त देखने को मिल सकती है। हालांकि, पांच अप्रैल को एक नए पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत में आने से कुछ स्थानों पर फिर बादल छा सकते हैं। उसके बाद तापमान में कुछ गिरावट हो सकती है। आज का मौसम शहर में सोमवार को बादल छाए रहे। इससे दोपहर में गर्मी से हल्की राहत मिली। दिन व रात का तापमान सामान्य से एक डिग्री कम रहा। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक, मंगलवार को बादल नहीं रहने से दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी देखने को मिलेगी, वहीं हवा का रुख दक्षिणी पश्चिमी रहेगा।

## महिला पर तेजाब फेकने की धमकी, सिरफिरे आशिक पर कार्रवाई

इंदौर। विजयनगर पुलिस ने एक सिरफिरे आशिक पर कार्रवाई की है। आरोपी एक शादीशुदा महिला से एक तरफा प्यार करता है। इसी के चक्कर में वह पीड़िता का पीछा करने लगा। रविवार को भी उसने पीड़िता का पीछा किया और रास्ता रोकने की कोशिश की। विरोध किया तो तेजाब फेंककर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पीड़िता ने यह बात अपने पति को बताई। फिर दोनों ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। विजयनगर पुलिस ने 24 साल की शादीशुदा युवती की शिकायत पर राहुल पुत्र इंदौरीलाल यादव निवासी भागीरथपुरा पर छेड़छाड़ करने और तेजाब फेंककर जान से मारने की धमकी देने के मामले में केस दर्ज किया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह निजी कंपनी में जॉब करती है। रविवार दोपहर वह अपनी मोपेड से विजयनगर इलाके से अरबिंदो अस्पताल की तरफ जा रही थी। तभी आरोपी राहुल अपने काले रंग की एक्टिवा से सयाजी पेट्रोल पंप के यहां तक उसका पीछा करते आया और रास्ता रोक लिया। पीड़िता ने बात करने से इनकार किया तो राहुल ने उससे मोबाइल नंबर मांगा। पीड़िता ने शोर मचाया तो राहुल तेजाब फेंकने और जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गया।

## एमजीएम मेडिकल कॉलेज के मेन गेट पर स्टूडेंट्स ने दिया धरना

इंदौर। इंदौर के एमजीएम कॉलेज के स्टूडेंट ने सोमवार सुबह कॉलेज के मेन गेट पर धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने कॉलेज प्रबंधन पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। स्टूडेंट का कहना है कि एमबीबीएस फाइनल ईयर के करीब 40 स्टूडेंट्स को प्रैक्टिकल में फेल कर दिया गया है। इन स्टूडेंट्स को थ्योरी में अच्छे नंबर मिले थे। इन स्टूडेंट्स का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जाए। कॉलेज प्रबंधन ने आश्वासन तो दे दिया लेकिन अब तक मामले की जांच शुरू नहीं की गई है। इसके चलते आक्रोश स्टूडेंट्स धरने पर बैठ गए। कॉलेज प्रबंधन का कहना है कि इसकी जांच के लिए एक कमेटी गठित की गई है।

## कूलर के गोदाम में लगी आग बस्ती के लोगों ने जुगाड़ से बुझाई

इंदौर। इंदौर के नयापुरा इलाके में एक कूलर के गोदाम में आग लग गई। यहां आग की लपटें देख फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। सूचना के बाद दमकलें मौके पर पहुंची। यहां आग पर काबू कर लिया गया । फायर ब्रिगेड के मुताबिक कोतवाली इलाके के नयापुरा में आग लगने की सूचना मिली थी। यहां एक टैंकर पानी डालकर आग पर काबू किया गया। नयापुरा में अधिकतर गोदाम बने हुए हैं। जहां संकरी गलियां हैं। यहां दमकल के पहुंचने के पहले ही लोगों ने पाइप डालकर दोनों तरफ से आग पर काबू पाने की कोशिश की थी।

## हितिका वासल ने पुलिस अधीक्षक का कार्यभार ग्रहण किया

**इंदौर।** यांगचेन डोलकर भुटिया मई 2023 से पुलिस अधीक्षक पुलिस प्रशिक्षण महाविधालय इंदौर में पदस्थ थीं, जिनका स्थानांतरण मप्र शासन गृह विभाग द्वारा दिनांक 15 मार्च 2024 को सेनानी 15 वी. वाहिनी इंदौर के पद पर होने से सोमवार को स्थानांतरण पर नवागत पुलिस अधीक्षक हितिका वासल को पदभार सौंपकर कार्यमुक्त हुई । यांगचेन डोलकर भुटिया को संस्था की ओर से सौम्या जैन अति. पुलिस अधीक्षक के द्वारा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया एवं अन्य सभी शासकीय सेवको के द्वारा तक्षशिला कॉन्फ्रेंस हॉल में सादे समारोह में गरिमामयी विदाई देकर स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। नवागत पुलिस अधीक्षक हितिका वासल जो कि 2017 बैच की भारतीय पुलिस सेवा की अधिकारी हैं एवं पूर्व में भी पुलिस प्रशिक्षण महाविधालय इंदौर में फरवरी 2022 से मार्च 2023 तक पुलिस अधीक्षक के पद पर पदस्थ रह चुकी हैं, उन्हें पुन- पुलिस अधीक्षक बनने पर सौम्या जैन अति. पुलिस अधीक्षक के द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर हार्दिक बधाई देकर स्वागत किया गया। संस्था की ओर से विदाई एवं स्वागत समारोह सौम्या जैन अति.पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में राजीव त्रिपाठी ,अनिल वर्मा,गीता चौहान,राममूर्ति शाक्य, उपपुलिस अधीक्षकगण एवं समस्त एडीपीओ एवं संस्था के स्टॉफ के द्वारा रखा गया।

## जून में सहायक प्राध्यापक, राज्य और वन सेवा की परीक्षा की तारीख तय

**इंदौर।** लोकसभा चुनाव को लेकर एमपीपीएससी को अपनी आगामी सारी परीक्षाएं रिशेड्यूल करना पड़ी है। निर्वाचन कार्यों में अधिकारियों की ड्यूटी होने के चलते अप्रैल-मई में एक भी परीक्षा नहीं रखी है। ये सारी परीक्षाएं जून से करवाई जाएगी। वैसे जून में तीन परीक्षाएं रखी गई है, जिसमें आठ विषयों में 820 से अधिक रिक्त पदों के लिए सहायक प्राध्यापक की परीक्षा होगी, जो 9 जून को रखी गई है। वैसे इन दिनों सहायक प्राध्यापक में उन उम्मीदवारों से आवेदन मांगवाएं जाएंगे, जिन्हें अतिथि विद्वान का अनुभव व दस वर्ष की आयु सीमा से वंचित रखा गया था। बिना विलम्ब शुल्क के आवेदन 5 से 13 अप्रैल तक किए जा सकेंगे। हालांकि सहायक प्राध्यापक के साथ ही 129 खेल अधिकारी और 200 ग्रंथपाल के पद रखे है। राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 पहले अप्रैल में करवाई जाना थी, लेकिन अप्रैल-मई के बीच अलग-अलग चरणों में मतदान है। ऐसे में परीक्षा करवाने में आयोग को थोड़ी दिक्कतें आ रही थी। सरकारी कालेज को बनाए केंद्र पर स्टाफ की ड्यूटी निर्वाचन कार्य में लगाई थी। 110 पदों के लिए ढ़ाई लाख अभ्यर्थियों का ध्यान रखते हुए आयोग ने परीक्षा शेड्यूल में बदलाव किया। 23 जून से परीक्षा होगी। वहीं जून आखिर में राज्य वन सेवा मुख्य परीक्षा 2023 भी रखी गई है। 140 पदों के लिए होने वाली परीक्षा में 2961 उम्मीदवार बैठेंगे। 12 सहायक वन संरक्षक और 128 क्षेत्रपाल के रिक्त पद रखे है। आयोग ने यह परीक्षा 30 जून को करवाना का फैसला लिया है। आयोग के मुताबिक, जुलाई से दिसंबर के बीच 9 अन्य भर्ती परीक्षा भी रखी है। इनका शेड्यूल पोर्टल पर अपलोड कर दिया है।

### नया सत्र शुरू- इंदौर के स्कूलों में शिक्षकों ने बच्चों का किया गर्मजोशी से स्वागत

# छुट्टियां खत्म, शहर के स्कूल उत्साह से गुलजार

**इंदौर।** शासकीय स्कूलों में नए सत्र की शुरुआत सोमवार से हो गई। इस दौरान स्कूलों में बच्चों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कक्षा पहली से लेकर कक्षा 12वीं तक के नवप्रवेशित बच्चों का शिक्षकों ने स्वागत किया। इंदौर के सभी हायर सेकेंडरी स्कूलों में प्रवेश उत्सव मनाया गया। शिक्षकों ने स्कूलों में विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, फूलों की माला पहनाकर और आरती उतारकर स्वागत किया गया। विद्यार्थियों में भी स्कूल आने का उत्साह नजर आया। प्रवेश उत्सव के मौके पर शासकीय स्कूलों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसको लेकर स्कूल स्टाफ बीते दो दिन से तैयारी में लगा था। नवीन शिक्षण सत्र में पहले एक माह में बच्चों को बुनियादी शिक्षा के लिए रिवीजन कराया जाएगा। इसके बाद जून में जब स्कूल खुलेंगे तो नई कक्षा की पढ़ाई शुरू होगी। स्कूल शिक्षा विभाग के अनुसार फिलहाल स्कूलों का समय में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है और वे पूर्व के समय अनुसार ही लगेंगे। इसके साथ ही सीएम राइज स्कूलों में 6 अप्रैल तक प्रवेश प्रक्रिया जारी रहेगी।



**स्कूलों को फूलों से सजाया**

विद्यार्थियों के स्वागत के लिए स्कूलों में पहले से ही तैयारियां कर ली गई थी। कई स्कूलों में रंगोली भी बनाई गई, तो कई स्कूलों को फूलों से सजाया गया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को प्रेरक भाषण भी दिए। जिला शिक्षा अधिकारी मंगलेश व्यास ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा मंडल से मान्यता प्राप्त निजी और सरकारी स्कूलों में नया शिक्षा सत्र शुरू हो गया है। पहले दिन प्रवेश उत्सव मनाया गया।

**आज से लगेंगी कक्षाएं**

सोमवार को प्रवेश उत्सव के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों ने भी भाग लिया। अब मंगलवार से नियमित कक्षाएं शुरू होंगी। बता दें कि पहले शासकीय स्कूलों में ही विद्यार्थियों के लिए प्रवेश उत्सव मनाया जाता था, लेकिन अब निजी स्कूलों में भी मनाया जाने लगा है।

**उत्सव पर दिखा आचार संहिता का असर** प्रवेश उत्सव के दौरान हर वर्ष इस आयोजन में जनप्रतिनिधियों को शामिल किया जाता है, लेकिन आचार संहिता के कारण इस बार प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि शामिल नहीं हुए। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षा विभाग के अधिकारी शामिल हुए। पहले दिन बच्चों को शैक्षणिक सत्र के शुरुआती महीनों के कोर्स के बारे में बताया गया। सीएम राइज स्कूल मूसाखेड़ी की वाइस प्रिंसिपल निधि गौर ठाकुर ने बताया कि प्रवेश उत्सव के तहत बच्चों का वेलकम किया गया।

**पढ़ाई का महत्व समझाया**

नए सत्र की शुरुआत के पहले दिन बच्चों को पढ़ाई का महत्व समझाया गया। विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

**- संगीता विनायका, प्राचार्य, शासकीय बाल विनय मंदिर स्कूल**

### मोहब्बत ही धर्म- सर्वधर्म सभा और रोजा इफ्तारी का आयोजन, राजनीतिक दलों के नेता,धार्मिक एवं सामाजिक लोग पहुंचे

# मां अहिल्या की नगरी में ता-कयामत तक भाईचारे का माहौल बना रहेगा

**इंदौर।** इंदौर की तासीर सर्वधर्म समभाव की है, मां अहिल्या की नगरी में ता - कयामत अमन और सुकून के साथ,भाईचारे का वातावरण बना रहेगा, हम सभी का पैगाम आम लोगों तक पहुंचे। हम सभी मिलकर जम्हूरियत और लोकतंत्र को मजबूत करें, यह हमारी तासीर है। ये बातें विभिन्न वक्ताओं ने स्टेट प्रेस क्लब, मप्र, कारवा मोहब्बत का एवं मालवा श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा आयोजित सर्वधर्म सभा एवं रोजा इफ्तारी कार्यक्रम के अवसर पर व्यक्त की। कार्यक्रम में सभी धर्म के धर्मगुरु, बुद्धिजीवी पत्रकार एवं राजनेता बड़ी संख्या में शामिल हुए । शहर काजी डॉ. इशरत अली ने कहा कि देश में भाईचारा कैसे बड़े, भाई -भाइयों में मोहब्बत बनी रहे ,इसके लिए हम सभी लोगों को मिलकर कोशिश करने की जरूरत है ।

क्रिश्चियन समुदाय इंदौर धर्म प्रांत के बिशप चाको ने लोगों से मोहब्बत बांटने, लोगों का दर्द



बांटने के साथ मिलकर त्यौहार मनाने की परंपराओं को गौरवशाली प्रयास बताया। उन्होंने रमजान की मुबारकबाद देते हुए इस्टर एवं रंग पंचमी जैसे त्योहारों के समय इस तरह के आयोजनों की आवश्यकता बतलाई ।

**लोकतंत्र को मजबूत करें**

भारतीय डाक विभाग के पूर्व मेंबर सरदार एएसआईएस पाल ने कहा कि धर्म हमें मोहब्बत का पैगाम देते हैं। हम सभी मिलकर जरूरत मंद लोगों का दर्द बांटे ,रमजान में भूखे रहकर गरीबी एवं भूख का एहसास करें और जरूरतमंद की मदद करें । वरिष्ठ अभिभाषक एवं गांधीवादी विचारक अनिल त्रिवेदी ने कहा कि भारत का हर एक नागरिक अपनी आस्था के अनुरूप अपना जीवन जी सकता है ,यह हमें भारतीय संविधान में अधिकार दिया गया है ,हम जम्हूरियत और लोकतंत्र को मजबूत करें यह हमारी तासीर है । सभा में पं. भरत कुमार ओझा ने कहा कि मां अहिल्या की नगरी में ता-कयामत तक भाईचारे का माहौल बना रहेगा, हमारा पैगाम आम लोगों तक पहुंचे और हम गंगा - यमुनी तहजीब को आगे बढ़ाने का कार्य करें, मेरा पैगाम है मोहब्बत, जहां तक पहुंचे । सभा में सांसद शंकर लालवानी एवं कांग्रेस के लोकसभा के प्रत्याशी अक्षय बम भी सम्मिलित हुए और भाईचारे का संदेश देकर उपस्थित लोगों से मुलाकात की ।

**इंदौर की तासीर सर्वधर्म समभाव की**

कार्यक्रम संयोजक स्टेट प्रेस क्लब, मप्र के अध्यक्ष प्रवीण कुमार खारीवाल ने कहा कि इंदौर की तासीर सर्वधर्म समभाव की है ,सभी धर्म के मानने वाले, शहर के बुद्धिजीवी ,मीडिया कर्मी ,सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने इस तरह के आयोजन में शामिल होकर एवं सहयोग कर ,शहर की तहजीब एवं गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाया है, हम सभी धर्म के त्योहारों एवं आयोजन करने का प्रयास करेंगे । सभा के प्रारंभ में सलीम अंसारी ,शफी शेख, नईम कुरैशी, समीर पाठक, अजय भट्ट,अब्दुल गफ्फार आदि ने मेहमानों का स्वागत किया।संचालन समीर खान ने किया। पश्चात रोजा इफ्तार एवं मगरिब की नमाज भी यही अदा की गई।

## सिंगल कॉलम

### नगर निगम ने चालू वित्त वर्ष के आखिरी दिन वसूले 14 करोड़

***निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायण ने किया राजस्व वसूली कार्य का निरीक्षण, जोनल अधिकारियों एवं वार्ड प्रभारियों से ली जानकारी***

*भोपाल। नगर निगम ने चालू वित्त वर्ष के आखिरी दिन 14 करोड़ से अधिक की राजस्व वसूली की। इस तरह निगम ने इस वर्ष करीब 350 करोड़ रुपये से ज्यादा की वसूली की जो तय आंकड़े से करीब 75 करोड़ रुपये कम है। दरअसल नगर निगम ने चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 425 करोड़ रुपये की वसूली का लक्ष्य रखा था लेकिन पूरे वर्ष सरकारी योजनाओं पर काम करने के चलते राजस्व अमला तय लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाया। रविवार को वसूली का आखिरी दिन था लिहाजा निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायण ने राजस्व वसूली कार्य का औचक निरीक्षण किया और जोनल अधिकारियों एवं वार्ड प्रभारियों से विभिन्न मदों में की गई राजस्व वसूली व बकायादारों से किए गए संपर्क आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की।अधिक से अधिक राजस्व वसूली करने तथा करों की अदायगी करने आने वाले करदाताओं को राजस्व भुगतान सुविधापूर्ण ढंग से कराने के निर्देश दिए। इसके चलते निगम कार्यालय करीब रात नौ बजे तक खुले रहे। निगम आयुक्त ने वार्ड क्रमांक 35 बरखेड़ी में वार्ड कार्यालय के आसपास कचरे के ढेर पाए जाने और नालियां कचरे से भरी हुई पाए जाने पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जोन क्रमांक सात योगेश दुबे, वार्ड प्रभारी वार्ड क्रमांक 35 एहसान अली एवं प्रभारी स्वास्थ्य पर्यवेक्षक वार्ड क्रमांक 35 दीपक जैनवार को कारण बताओ नोटिस जारी किए है। निगम आयुक्त ने वार्ड क्रमांक 23 में राजस्व एवं संपत्तिकर वसूली संतोषजनक न पाए जाने, वार्ड में उपस्थित कर्मचारियों द्वारा वसूली संबंधी जानकारी उपलब्ध न करा पाने तथा वार्ड कार्यालय में समुचित साफ-सफाई व्यवस्था नहीं होने पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए जोनल अधिकारी जोन क्रमांक पांच राजभान त्रिपाठी एवं वार्ड प्रभारी वार्ड क्रमांक 23 एहसान रजा जैदी को कारण बताओ नोटिस जारी किए है। निगम आयुक्त ने जोन क्रमांक पांच के अंतर्गत वार्ड 19 में निरीक्षण के दौरान बालविहार रोड स्थित बालविहार शापिंग काम्प्लेक्स के समीप एवं नाले के पास अंदर कचरे के ढेर पाए जाने पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रभारी स्वास्थ्य पर्यवेक्षक वार्ड 19 अनिल कुमार श्रवण को कारण बताओ नोटिस जारी किया है वहीं सहायक स्वास्थ्य अधिकारी को चेतावनी देते हुए तत्काल साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करें।*

### 41 डिग्री पर पहुंचा शिवपुरी का पारा



*भोपाल। प्रदेश में 3 दिन तक साइक्लोनिक सकुर्लेशन, ट्रफ और वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) के असर से मौसम बदला रहा। इसके बाद गर्मी का असर फिर से बढ़ गया है। रविवार को शिवपुरी में दिन का टेम्प्रेचर 41 डिग्री पहुंच गया। वहीं, रतलाम, खंडवा और नर्मदापुरम भी गर्म रहे। अप्रैल के पहले सप्ताह में मौसम के 2 वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो रहे हैं। हालांकि, प्रदेश में इनका असर कम रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार- 2 अप्रैल की रात और 5 अप्रैल को उत्तर भारत में दो वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होंगे। इसके दो से 3 दिन बाद मध्यप्रदेश में इनका मामूली असर हो सकता है। कुछ जिलों में बादल छा सकते हैं। इसके बावजूद गर्मी से राहत नहीं मिलेगी। दिन के साथ रातें भी गर्म रहेंगी। आईएमडी भोपाल के वैज्ञानिक अभिजीत चक्रवर्ती ने बताया कि अब प्रदेश के कई जिलों में हीट वेव का असर भी रहेगा। वहीं, गुना, शिवपुरी, छतरपुर, टीकमगढ़, अशोकनगर, जबलपुर, मंडला और बालाघाट में अगले 1-2 तक हीट वेव, यानी गर्म हवाएं भी चलेंगी। रविवार को भी कई जिलों में हीट वेव का असर रहा। यहां रातें गर्म रहेंगी मौसम विभाग के अनुसार, जबलपुर, नर्मदापुरम, उमरिया, बालाघाट में रातें भी ज्यादा गर्म रहेंगी। यहां रात का टेम्प्रेचर 23 से 25 डिग्री के बीच रहने का अनुमान है। इसके बाद गर्मी का असर बढ़ जाएगा। शिवपुरी में पहली बार टेम्प्रेचर 41 डिग्री पहुंचा बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 37.7 डिग्री, इंदौर में 36.6 डिग्री, ग्वालियर में 37.5 डिग्री, जबलपुर में 37.9 डिग्री और उज्जैन में तापमान 36.5 डिग्री दर्ज किया गया। शिवपुरी में रविवार को पहली बार दिन का टेम्प्रेचर 41 डिग्री तक पहुंच गया। यहां दिन में गर्म हवाएं भी चली। खरगोन, मंडला, रतलाम, खंडवा और नर्मदापुरम में पारा 39 डिग्री से 39.7 डिग्री तक दर्ज किया गया। नरसिंहपुर, सतना, गुना, दमोह, खजुराहो और टीकमगढ़ में 38 डिग्री से ज्यादा तापमान रहा।*

## डीईओ की अनदेखी के कारण निजी स्कूल कर रहे हैं मनमानी, 17 प्रतिशत ने ही दी आधी-अधूरी जानकारी




भोपाल। नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हो चुकी है। निजी स्कूलों ने गणवेश से लेकर पाठ्यक्रम तक में बदलाव कर दिया है।इस कारण अभिभावकों को नई खरीदनी पड़ रही है, जबकि संयुक्त संचालक ने 31 मार्च तक निजी स्कूलों को पाठ्यक्रम सहित किताबों और फीस की सूची देने के निर्देश दिए थे, लेकिन सिर्फ 17 प्रतिशत स्कूलों ने आधी-अधूरी जानकारी दी है। राजधानी में 321 में से 54 स्कूलों ने ही पाठ्यक्रम की सूची सौंपी है। जिला शिक्षा अधिकारी(डीईओ) की अनदेखी के कारण अब तक स्कूलों ने जानकारी नहीं दी है, जबकि कई स्कूलों ने पाठ्यक्रम में भी बदलाव कर दिया है तो कुछ ने गणवेश बदल दिए हैं। वहीं स्कूल शिक्षा विभाग ने आठ फरवरी को आदेश जारी कर प्रदेश में फीस विनियमन अधिनियम 2020 कानून का पालन करने के निर्देश दिए थे। इसके तहत प्रदेश के निजी स्कूलों से फीस, पाठ्यक्रम और किताबों की जानकारी मांगी गई थी, लेकिन दो माह बाद भी स्कूलों में से सिर्फ 54 स्कूलों ने जानकारी अपलोड की है। मामले में अब तक कोई जिला स्तरीय समिति गठित नहीं की गई है।स्कूलों पर कोई शिकंजा नहीं कसा जा रहा है। फिर से इस साल अभिभावकों को निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें और गणवेश खरीदनी पड़ रही है।डिइओ अभिभावकों की ओर से शिकायतों का इंतजार कर रहे हैं। स्कूलों को यह देनी थी जानकारी राज्य शासन ने मध्यप्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) 2017 एवं नियम-2020 लागू कर चुका है। हाल में आदेश जारी कर सभी स्कूलों को सत्र 2023-24 के लिए नियत की गई फीस संरचना (कक्षावार एवं संवर्गवार विभिन्न मदों में) की जानकारी पोर्टल पर अपलोड की जाएगी।निजी स्कूल विगत तीन वर्षों (2020-21, 2021-22, 2022-23) के बजट की जानकारी वेबसाइट पर अपलोड करेंगे। बैलेंस शीट, प्राप्ति एवं भुगतान पत्रक, आय-व्यय शेड्यूल सहित सभी जानकारी देनी है। इसके बाद संबंधित विषयों के पालन में निजी स्कूलों द्वारा 100 रूपये के गैर न्यायिक स्टांप पेपरों पर आवश्यक वचन पत्र भी अपलोड करना था। निजी स्कूलों को 31 मार्च तक का समय दिया गया था।अब तक डिइओ की ओर से कोई जांच प्रतिवेदन नहीं मिली है।मनमानी करने वाले स्कूलों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। अरविंद चौरगड़े,संयुक्त संचालक,स्कूल शिक्षा विभाग -जिले के 321 में से 54 बड़े निजी स्कूलों ने जानकारी दी है।उसका निरीक्षण करेंगे। अगर अभिभावक शिकायत करते हैं तो कार्यवाही की जाएगी।

### एक आरोपी की गिरफ्तारी के बाद मामला ठंडे बस्ते में, बाकी की गिरफ्तारी को लेकर एबीवीपी ने किया प्रदर्शन

# आरजीपीवी में 19.48 करोड़ की गड़बड़ी में पुलिस सुस्त




भोपाल। राजधानी स्थित राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) में सामने आए आर्थिक भ्रष्टाचार के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) भोपाल महानगर ने रविवार को जमकर प्रदर्शन किया। कार्यकताओं ने काले कपड़े पहनकर आयुक्त कार्यालय का घेराव किया और एफडी घोटाले में शामिल सभी आरोपितों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। आरजीपीवी में 19.48 करोड़ की गड़बड़ी के मामले की तीन मार्च को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इस एफआईआर दर्ज हुए पूरा एक माह हो चुका है।लेकिन अभी तक एक आरोपी की ही गिरफ्तारी कर पाई है। बाकी आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस मुख्य आरोपियों तक नहीं पहुंच सकी। दावा किया जा रहा है कि आरोपी तत्कालीन रजिस्ट्रार आरएस राजपूत, सेवानिवृत्त फाइनेंस कंट्रोलर ऋषिकेष वर्मा, तत्कालीन कुलपति प्रो. सुनील कुमार की तलाश में विशेष जांच दल लगातार छापामार कार्रवाई कर रहा हैं। 22 मार्च को की थी पहली गिरफ्तारी आरजीपीवी के बैंक खातें में 19.48 करोड़ रुपये निजी खातों में ट्रांसफर किए जाने के मामले में यूनिवर्सिटी के प्रभारी कुलपति प्रो. मोहन सेन ने गांधी नगर पुलिस थाना में एफआइआर दर्ज कराई थी। इसमें यूनिवर्सिटी के तत्कालीन रजिस्ट्रार आरएस राजपूत, रिटायर फाइनेंस कंट्रोलर ऋषिकेष वर्मा, तत्कालीन कुलपति प्रो. सुनील कुमार, निजी बैंक के कर्मचारी कुमार मयंक और दलित संघ सोहागपुर पर गड़बड़ी का आरोप लगाया था। इस मामले में पुलिस ने 22 मार्च को पहली गिरफ्तारी की थी।

आरबीएल बैंक में खाते खुलवाने की दी गई थी जिम्मेदारी

पुलिस ने आरबीएल बैंक में बतौर टास्क हेड कार्यरत रहे कुमार मयंक को गिरफ्तार किया था। बताया जा रहा है कि एक्सिस बैंक के अपने अपने निजी बैंक खातों में जमा किया था। कुमार मयंक पर धारा धोखाधड़ी के तहत गिरफ्तार किया था। कुमार मयंक बीबीएल बैंक में नवंबर 2018 से मार्च 2023 तक टास्क हेड के पद पर कार्यरत रहे हैं। उन्हें सरकारी संस्थाओं के अकाउंट आरबीएल बैंक में खुलवाने की जिम्मेदारी दी गई थी। एबीवीपी कर रहा है आंदोलन दूसरी ओर, एफआईआर दर्ज होने के बाद से एबीवीपी कार्यकर्ता आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। कार्यकर्ताओं ने रविवार को भी भोपाल पुलिस कमिश्नर के कार्यालय पर धरना दिया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं होने तक धरना समाप्त नहीं किया जाएगा। इस धरने में बड़ी संख्या में छात्राएं भी शामिल रहीं।

## कॉरिडोर की जगह डिवाइडर बनने से खत्म होंगे एक्सीडेंट जोन

### संत कुटिया से सीहोर नाके तक सिंगल डिवाइडर बनने से दुर्घटनाओं पर रोक लगने की उम्मीद



भोपाल। बैरागढ़ मेन रोड पर बीआरटीएस कॉरिडोर हटाकर पहले की तरह सिंगल डिवाइडर बनने से बाजार क्षेत्र में बने अघोषित एक्सीडेंट जोन खत्म हो जाएंगे। अब दुर्घटनाओं पर रोक लगने की उम्मीद है। कॉरिडोर हटाने का काम पीडब्ल्यूडी द्वारा किया जा रहा है। बीआरटीएस मार्ग बनते ही बैरागढ़ मेन रोड के दोनों प्रवेश मार्ग एक्सीडेंट जोन में तब्दील हो गए। सीहोर नाके से बीआरटीएस मार्ग के पहले प्वाइंट और टी वार्ड नाके पर हरदेव अस्पताल छोर पर कई दुर्घटनाएं हुई। लगातार दुर्घटनाओं को देखते हुए नगर निगम ने चार साल पहले बीआरटीएस लेन में गेट लगा दिए थे। शुरूआत में इससे दुर्घटनाओं पर रोक लग गई क्योंकियह गेट केवल लो-फ्लोर बस आते समय ही खोले जाते थे लेकिन बाद में गेट ही गायब हो गए। हाल ही में मुख्यमंत्री के निर्देश पर बीआरटीएस कॉरिडोर हटाने का का काम किया जा रहा है। सीहोर नाका क्षेत्र तक जालियां निकालने का काम किया जा चुका है। बीआरटीएस लेन को दुर्घटनाओं के लिए याद किया जाएगा। मार्ग निर्माण से लेकर यहां लगातार दुर्घटनाएं हुई। कई लोग मौत का शिकार भी बने। हरदेव अस्पताल छोर पर बीआरटीएस लेन में पिछले दिनों हुई दुर्घटना में एक आरक्षक की भी मौत हो गई थी। पुराना बी वार्ड निवासी एक युवती को भी जान गंवानी पड़ी थी। सीहोर नाका छोर पर आए दिन वाहन प्रवेश गेट पर टकरा चुके हैं। अब लोगों को राहत मिलेगी। कपड़ा व्यापारी संघ के पूर्व अध्यक्ष त्रिलोक दीपानी कहते हैं किहमने कॉरिडोर बनते समय ही इसका विरोध किया था। यदि हमारी बात मान ली जाती तो नगर निगम को करोड़ों रुपए खर्च करने की जरूरत नहीं पड़ती। कपड़ा व्यापारी संघ के कार्यसमिति के सदस्य राजेंद्र कुमार गर्ग का कहना है किबीआरटीएस कॉरिडोर हटाकर पहले की तरह सिंगल डिवाइडर बनाने की हमारी मांग लंबे समय बाद पूरी हो रही है। इस फैसले से कारोबार बढ़ेगा। यातायात व्यवस्था में भी सुधार होगा।

## कंजरों के टपरों से 12 लाख की अवैध शराब जब्त

### पुलिस की छापामार कार्रवाई में एक गिरफ्तार, पांच फरार



भोपाल। आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से कराने के लिए भोपाल पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। बैरसिया और आसपास के थानों की पुलिस ने ग्राम करारिया स्थित कंजर टपरों पर रविवार तड़के छापा मारा। पुलिस ने यहां से देशी-विदेशी और हाथ भट्टी से बनी करीब 12.78 लाख रुपये की अवैध शराब, पांच मोटर सायकिल और बड़ी मात्रा में महुआ लहान जब्त किया। इस कार्रवाई के दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि पांच आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भागने में सफल रहे। फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम लगाई गई है। एसपी देहात प्रमोद कुमार सिन्हा ने बताया कि ग्राम करारिया में असामाजिक तत्वों द्वारा अवैध रूप से शराब का निर्माण और भंडारण किए जाने की सूचना मिली थी। इस पर बैरसिया, नजीराबाद, गुनगा, ईंटखेड़ी थानों की पुलिस के साथ ही कंट्रोल रूम के बल बुलाकर अलग-अलग टीमें बनाई गई। इन टीमों ने रविवार तड़के करीब एक दर्जन वाहनों में सवार होकर पूरे गांव को चारों तरफ से घेर लिया। सर्चिंग के दौरान एक व्यक्ति को पकड़ा गया, जबकि पांच अन्य अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग निकले। कंजर टपरों में तलाशी लेने पर अवैध रूप से रखी देशी-विदेश और हाथ भट्टी से बनी कच्ची शराब जब्त की गई। इनमें देशी 133 पेटी, विदेशी 54 पेटी और कच्ची शराब 610 लीटर जब्त हुई। साथी 12 सौ लीट महुआ लहान जब्त किया गया। अवैध शराब की तस्करी में उपयोग की जाने वाली पांच मोटर सायकिलें भी जब्त हुई हैं। इस प्रकार कुल 12 लाख 78 हजार 440 रुपये का माल जब्त हुआ।

### प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवक ने जहर खाकर जान दी

**बैतूल।** नगर से सटे ग्राम बडोरा में किराए के मकान में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवक ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार साईं खेड़ा निवासी राज पिता कुंडलीक कापसे उम्र 33 वर्ष बडोरा के पास किराए के मकान में रह रहा था। पास में ही उसके मकान का निर्माण कार्य चल रहा है । माता-पिता कुछ दिनों से अपनी बेटी के पास पाढर में रह रहे थे। रविवार शाम को घर में अकेला था तब जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया । जहरीला पदार्थ का सेवन करने के बाद पिता को फोन के माध्यम से जहर खाने की जानकारी दी। घबराए पिता ने अपने परिवार के लोगों को बताया तब वे बडोरा पहुंचे और उसको गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया।

# केंद्र सरकार की योजनाएं घर-घर पहुंचाएगा महिला मोर्चा

### प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में बनी सभी लोकसभा चुनाव जीतने की रणनीति



भोपाल। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति की सोमवार को पार्टी मुख्यालय पर हुई बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनाई गई। तय किया गया कि महिलाओं के लिए केंद्र सरकार की ओर से लाई गई कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा करने के लिए मोर्चा की टीमें चुनाव दौरान महिला मतदाताओं के बीच जाएंगी और उन्हें बताएंगी कि महिलाओं के कल्याण के लिए इतने कार्य कभी किसी सरकार ने नहीं किए। बैठक में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव देश के अंदर बड़े बदलाव का चुनाव है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की महिलाओं का सम्मान बढ़ाने और उनको आत्मनिर्भर बनाने का काम किया है। मातृशक्ति के सशक्तीकरण के लिए देश में किए जा रहे कार्यों की चर्चा विदेश में भी हो रही है। ऐसी बहुत सारी योजनाओं की चर्चा मतदाताओं के बीच लोकसभा चुनाव में महिला मोर्चा को करनी चाहिए। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा कि हमें लोकसभा चुनाव में हर बूथ पर पहले से 370 मत हासिल करके डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान को सच्ची श्रद्धांजलि देना है। लोकसभा चुनाव के प्रदेश सह प्रभारी सतीश उपाध्याय ने कहा कि इंडी गठबंधन महिलाओं के अपमान को लेकर कई बातें कर रहा और समय-समय पर करता रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने महिलाओं के उत्थान का इतिहास रच दिया है। मुस्लिम महिलाओं के जीवन में बड़ा बदलाव आया बैठक में महिलाओं के लिए केंद्र सरकार की ओर से किए कार्यों और योजनाओं पर चर्चा की गई। कहा गया कि मुस्लिम समाज की महिलाओं को ट्रिपल तलाक से मुक्ति मिलने से उनके जीवन में बड़ा बदलाव आया है। देश भर में महिलाओं को सुरक्षा से लेकर सम्मान मिल रहा है। महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष माया नारोलिया ने महिला मोर्चा की बहनें लोकसभा चुनाव में महिला मतदाताओं के बीच जा रही हैं। नारी शक्ति फिर से नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनवाने का संकल्प ले चुकी है। सनातन को टारगेट कर रहीं विपक्षी पार्टियां प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि सनातन को विपक्षी पार्टियां टारगेट कर रही हैं। सनातन विरोधियों को जवाब देने के लिए महिला शक्ति को बड़ी भूमिका निभाना होगी। हितानंद ने बैठक में लोकसभा चुनाव में सभी 29 सीटें जीतने की रूपरेखा भी प्रस्तुत की और महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं से सभी 29 सीटें जीतकर प्रधानमंत्री मोदी के हाथ मजबूत करने का आह्वान किया।

संपादकीय

# महंगा है अकेले सेवानिवृत्ति के बाद जीवनयापन

*जब आपका पाला सेवानिवृत्त हो चुके और होने वाले लोगों से पड़ता है तो कई बार किसी बात के लिए आपकी आलोचना जरूर हो सकती है। हाल ही में मैं अलग-अलग अवसरों और जगहों पर दो अनोखे लोगों से मिला। उनमें सिर्फ एक ही समानता थी कि दोनों अविवाहित थे। एक की उम्र 63 वर्ष थी, जबकि दूसरे की 56 साल। हरि कोविड महामारी के दौरान सरकारी नौकरी में लंबे करियर के बाद सेवानिवृत्त हुए। उमा कुछ साल में सेवानिवृत्त होने वाली हैं। तलाक के बाद वह कई साल से अकेली रह रही हैं। बहुत से लोग मानते हैं कि किसी जोड़े के सेवानिवृत्त होने के लिए आवश्यक संख्या को दो से विभाजित करने का तरीका अकेले रिटायर होने वाले से ज्यादा सही है। पर, वास्तविकता यह है कि अगर आप अकेले हैं तो आपको जो चाहिए वह उससे अधिक है, जो आप तब प्राप्त करेंगे, जब आप रिटायरमेंट संख्या को दो से विभाजित करेंगे। हां, यह थोड़ा चिंताजनक लग सकता है, लेकिन सच है कि अगर आप अकेले सेवानिवृत्त होने वाले हैं तो जोड़े के रिटायरमेंट की तुलना में आपके खर्च अक्सर ज्यादा होते हैं।* ***लागत साझा करने के समान अवसर नहीं*** *अकेले सेवानिवृत्त होने वालों के पास आवास, वाहन और घर चलाने जैसी चीजों की लागत साझा करने के समान अवसर नहीं होते हैं। इसलिए, उन्हें रिटायर के लिए अधिक बचत करनी होगी।?अगर आप अकेले हैं और बच्चों का पालन-पोषण नहीं कर रहे हैं तो ऐसे में आपके पास अपनी उम्र के 30 और 40 के दशक के दौरान बचत करने के कहीं अधिक अवसर होते हैं। जिनके पास बच्चों के लिए धन, घर और कई अन्य चुनौतियां होती हैं और जिनका सामना उन्हें परिवार के पालन-पोषण करते समय करना पड़ता है, उनको ज्यादा खर्च करना होता है। वास्तविकता यह है कि प्रति व्यक्ति खर्च बहुत अधिक है, इसलिए जब रिटायरमेंट की योजना बना रहे हों तो इस पर विचार करने की जरूरत है। परिवारों की तुलना में सिंगल लोग लाइफस्टाइल पर अनजाने में अधिक खर्च करते हैं और इसे वे अपना भी लेते हैं। उदाहरण के लिए, जब एक छोटी कार से भी काम हो सकता है तो भी अकेला व्यक्ति सेडान खरीद लेता है। इसके विपरीत, एक दंपती रिटायरमेंट के करीब एक छोटी कार ही पसंद करेगा। सिंगल लोगों को 60 वर्ष की आयु तक समान उम्र वाले जोड़े की तुलना में रिटायर होने पर लगभग 15-20 फीसदी अधिक बचत की जरूरत होगी। रिटायरमेंट बचत से 4-6 फीसदी निकासी यह पता लगाने का एक आसान तरीका है कि रिटायर होने पर आपको वास्तव में कितने पैसे की आवश्यकता होगी। इसका मतलब है कि 4 फीसदी का रेट पाने के लिए आपको रिटायर होने पर वास्तव में जितना पैसा निकालना होगा, उससे 25 से 30 गुना की आवश्यकता होगी। मैंने सेवानिवृत्ति के प्रति दृष्टिकोण को समझने के लिए हरि व उमा दोनों से बातचीत करना शुरू किया। हरि ने कहा, भोजन, स्वास्थ्य देखभाल व सुरक्षा जैसी कुछ सामान्य सुविधाओं की बात आती है तो साझा लागत का लाभ उठाने के लिए वह रिटायरमेंट कम्युनिटी में चले गए हैं। दूसरी ओर, उमा ने कुछ साल पहले 50 साल की उम्र में उच्च अध्ययन के लिए अपनी लंबी नौकरी से छुट्टी ले ली थी। अब वह अपनी कंपनी में एक बड़े पद, जिम्मेदारी और वेतन पर वापस आ गई हैं, लेकिन इस नए बदलाव ने उनकी सेवानिवृत्ति की उम्र को 70 साल तक कर दिया है। एक महत्वपूर्ण पहलू जो सिंगल लोगों के लिए चुनौती बन सकता है, वह है उनका स्वास्थ्य। अक्सर अकेले रहने वाले लोगों के लिए स्वास्थ्य की देखभाल महंगी साबित होती है। सिंगल लोगों के लिए रिटायरमेंट लागत अधिक होती है क्योंकि खर्च साझा करने वाला कोई नहीं होता है। उदाहरण के लिए, यात्रा करते समय होटल के डबल रूम की लागत सिंगल रूम की तुलना में थोड़ी अधिक हो सकती है। लेकिन, दो लोगों के डबल रूम में ठहरने की प्रति व्यक्ति लागत सिंगल कमरे की तुलना में कम हो जाती है। अमूमन, किसी कपल को जिन चीजों के लिए 100 रुपये की जरूरत होगी, उसके लिए अकेले व्यक्ति को 60 से 70 रुपये खर्च करने होंगे।*

# गुलाब के फूलों की माला से सजे बाबा महाकाल, ड्रायफ्रूट से किया गया श्रृंगार



*विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में आज चैत्र कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि मंगलवार को तड़के भस्म आरती के दौरान चार बजे मंदिर के पट खुलते ही पंडे पुजारियों ने गर्भगृह में स्थापित भगवान की प्रतिमाओं का पूजन किया। भगवान महाकाल का जलाभिषेक दूध, दही, घी, शक्कर और फलों के रस से बने पंचामृत से किया गया। प्रथम घंटाल बजाकर हरि ओम का जल अर्पित किया गया और कपूर आरती के बाद बाबा महाकाल को चांदी का मुकुट, रुद्राक्ष व पुष्पों की माला धारण करवाई गई। आज के श्रृंगार की विशेष बात यह रही कि अष्टमी की भस्मआरती में बाबा महाकाल को नवीन मुकुट पहनाकर ड्रायफ्रूट, ? और गुलाब के फूलों की माला से सजाया गया। श्रृंगार के बाद बाबा महाकाल के ज्योतिर्लिंग को कपड़े से ढांककर भस्म रमाई गई और भोग लगाया गया। भस्म आरती में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर जय श्री महाकाल की गूंज से गुंजायमान हो गया। श्रद्धालुओं ने दिया दान मंगलवार को भस्म आरती में शामिल होने फरीदाबाद और हरियाणा से आए श्रद्धालु राहुल कुकरेजा ने क्लाउड नाइन हॉस्पिटल और श्री महाकालेश्वर इंटरप्राइसेस फरीदाबाद के नाम से एक, एक लाख की राशि मंदिर को भेंट की। इसी तरह पुणे से पधारे नीलेश बाबुलाल लोढ़ा ने मंदिर अन्नक्षेत्र के लिए 21000 रुपये की राशि दान दी। वहीं, दिल्ली से आइं प्रिया मान ने पांच ग्राम सोने की चैन मंदिर को भेंट की।*

# आई4सी: साइबर सुरक्षा के लिए मजबूत पहल, मिल रहे सुखद परिणाम



*प्रधानमंत्री की पहल पर देश के नागरिकों को ऑनलाइन सुरक्षा प्रदान करने के लिए आई4सी कार्यक्रम चलाया गया है, जिसके सुखद परिणाम देखे जा रहे हैं। आई4सी को भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र भी कहा जाता है, जो केंद्रीय गृह मंत्रालय की निगरानी में बना है। वर्ष 2020 में अपनी स्थापना के बाद से इस केंद्र ने देश भर में 4.7 लाख से अधिक शिकायतों का निपटारा कर के 1,200 करोड़ रुपये से अधिक की बचत की है। इन आंकड़ों से यह तो पता चलता ही है कि भारत साइबर अपराधों को रोकने में कितना सफल हुआ है, यह भी स्पष्ट होता है कि 2020 के बाद से दर्ज मामलों की संख्या में 500 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और बचाई गई धनराशि में 800 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यानी राष्ट्रव्यापी साइबर अपराध रोकथाम तंत्र अब गति पकड़ चुका है। ऐसे समय में, जब भारत दुनिया की शीर्ष तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होने की ओर अग्रसर है, मजबूत साइबर सुरक्षा प्रणाली का काफी महत्व है। जब तक देश खुद को साइबर-अनुकूल राष्ट्र के रूप में स्थापित नहीं कर लेता, तब तक विकसित भारत की परिकल्पना अधूरी रहेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने एक भाषण में कहा भी था-साइबर सुरक्षा अब केवल डिजिटल दुनिया तक ही सीमित नहीं है। यह राष्ट्रीय और वैश्विक सुरक्षा का विषय है।भारत के सामने साइबर सुरक्षा की बड़ी चुनौती है। जब भारत ने जी-20 की वेबसाइट लॉन्च किया था, तो हैकरों द्वारा प्रति मिनट 16 लाख हमले हुए थे और भारत इनसे बचाव करने में सफल रहा था। जी-20 शिखर सम्मेलन में गृहमंत्री अमित शाह ने कहा भी था- हालांकि, प्रौद्योगिकी मनुष्यों, समुदायों और देशों को करीब लाने की दिशा में एक सकारात्मक विकास है, लेकिन कुछ असामाजिक तत्व और वैश्विक ताकतें प्रौद्योगिकी का उपयोग नागरिकों और सरकारों को आर्थिक व सामाजिक नुकसान पहुंचाने के लिए कर रही हैं। इसलिए यह सम्मेलन और भी महत्वपूर्ण हो जाता है, क्योंकि यह डिजिटल दुनिया को सभी के लिए सुरक्षित बनाने की समन्वित कार्रवाई की दिशा में एक महत्वपूर्ण वैश्विक पहल हो सकता है। गृहमंत्री अक्सर कहते रहे हैं कि, आतंकवाद, आतंक के वित्तपोषण, कट्टरपंथ, सहित नई और उभरती, पारंपरिक और गैर-पारंपरिक चुनौतियों से निपटने के लिए राष्ट्रों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों की क्षमताओं को बढ़ाना आवश्यक है। केंद्र सरकार ने एक समान साइबर रणनीति की रूपरेखा तैयार करने, साइबर अपराधों की वास्तविक समय पर रिपोर्टिंग करने, एलईए क्षमता का निर्माण करने, विश्लेषणात्मक उपकरण बनाने, फोरेंसिक प्रयोगशालाओं का राष्ट्रीय नेटवर्क स्थापित करने, साइबर स्वच्छता सुनिश्चित करने और हर नागरिक तक साइबर जागरूकता फैलाने की दिशा में काम किया है। देश में शुरू की गई सेफ सिटी परियोजना ऑनलाइन और ऑफलाइन, दोनों अपराधों से निपटने के लिए अत्याधुनिक कमांड सेंटर प्रदान करती है। देश में जो तीन नए आपराधिक कानून बने हैं, उनमें भी साइबर अपराधियों के खिलाफ इस्तेमाल किए जाने वाले कानूनों की खामियों को लगभग समाप्त करने का प्रावधान किया गया है। अपराधी तत्वों द्वारा इस्तेमाल किए गए डिजिटल उपकरणों को अब सबूत के रूप में मान्यता दे दी गई है। जांच एजेंसियों को सशक्त बनाते हुए देश के सभी पुलिस स्टेशनों में क्राइम ऐंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क ऐंड सिस्टम (सीसीटीएनएस) लागू किया गया है। भारतीय साइबर-अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) के जरिये साइबर अपराध के खिलाफ एक समन्वित और व्यापक कार्रवाई सुनिश्चित हो सकती है। आई4सी साइबर अपराध से संबंधित सभी मुद्दों से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। इसके कारण प्रवर्तन एजेंसियों और हितधारकों के बीच समन्वय में न सिर्फ सुधार हुआ है, बल्कि साइबर अपराध से निपटने के लिए जरूरी क्षमता भी हासिल हो गई है। इससे नागरिक संतुष्टि के स्तर में सुधार करना संभव हो गया है। सरकार ने साइट्रेन पोर्टल नाम से एक विशाल ओपन ऑनलाइन पाठ्यक्रम मंच भी तैयार किया है। यह साइबर सुरक्षा में दुनिया का सबसे व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम माना जा सकता है। गृह मंत्रालय ने बारीकी से और सुव्यवस्थित रणनीतियों के जरिये देश को एक ऐसे युग में आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त किया है, जहां वर्चुअल रियलिटी ने दुनिया का एक अलग ही स्वरूप तैयार कर दिया है।*

# निवेश मंत्राः पुरानी कर व्यवस्था में निवेश कर बचाएं पैसे, जानें टैक्स बचाने का गणित



*अगर आपकी आय टैक्स श्रेणी में आती है, तो कर गणना के लिए पुरानी और नई कर व्यवस्था में एक को चुनना होगा। नई कर व्यवस्था में दरें कम हैं। पुरानी कर व्यवस्था ज्यादा छूट की सुविधा देती है। इससे टैक्स वाली आय कम हो जाती है और देनदारी कम हो जाती है। नई कर व्यवस्था में आय 7 लाख रुपये या उससे कम है तो कोई टैक्स नहीं देना होगा। आप सैलरी वाले हैं तो 50,000 रुपये की स्टैंडर्ड कटौती भी मिलेगी। यदि टैक्स की आय 7.5 लाख से अधिक है, तो पूरी आय पर टैक्स देना होगा। नई व्यवस्था में विभिन्न धाराओं जैसे 80सी, 80डी, 24 आदि के तहत कटौती का दावा नहीं कर सकते हैं। कर योग्य आय 7.5 लाख से अधिक है तो पुरानी टैक्स व्यवस्था अपनाना सही होगा। टैक्स बचत और निवेश का दोहरा लाभ पुरानी टैक्स व्यवस्था निवेश करने के साथ टैक्स बचत में मदद करती है। धारा 80सी के तहत निवेश पर 1.5 लाख रुपये तक की कटौती का दावा कर सकते हैं। यदि जीवनसाथी और बच्चों के लिए स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी ली है, तो 60 वर्ष से कम आयु होने पर प्रीमियम के रूप में भुगतान किए गए 25,000 रुपये तक की कटौती का दावा कर सकते हैं। वरिष्ठ नागरिक माता-पिता के स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी के प्रीमियम पर 50,000 रुपये तक का दावा कर सकते हैं। नियोक्ता के माध्यम से एनपीएस में निवेश करने और कर योग्य वेतन को कम करने का मौका दोनों टैक्स व्यवस्थाओं में हैं। एनपीएस के जरिये अतिरिक्त कर बचत ज्यादातर समय 80 सी के तहत 1.5 लाख रुपये की सीमा ईपीएफ योगदान, बच्चों की शिक्षा फीस और होम लोन मूलधन पुनर्भुगतान से समाप्त हो जाती है। ऐसे में धारा 80सीसीडी (1बी) के तहत एनपीएस में 1.5 लाख रुपये की सीमा से अधिक निवेश कर 50,000 रुपये अतिरिक्त बचा सकते हैं। एचआरए में भी फायदा, होम लोन पर भी दावा अगर आप किराये पर रहते हैं और अपने वेतन के एक हिस्से के रूप में मकान किराया भत्ता (एचआरए) प्राप्त कर रहे हैं, तो कटौती का दावा कर सकते हैं। कुछ स्थितियों में, घर किसी दूसरे शहर में है और किराये पर दी गई संपत्ति है, तो आप होम लोन के बावजूद एचआरए लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा, होम लोन लेने वाला व्यक्ति ब्याज भुगतान के कारण धारा 24 (बी) के तहत हर वित्त वर्ष 2 लाख रुपये तक की कटौती का दावा कर सकता है। आप पात्र संस्थानों को किए गए दान के लिए धारा 80जी के तहत कटौती का दावा कर सकते हैं। पुरानी कर व्यवस्था ज्यादा छूट की सुविधा देती है। इससे कर वाली आय कम हो जाती है और देनदारी कम हो जाती है। नई कर व्यवस्था में आय 7 लाख रुपये या उससे कम है तो कोई टैक्स नहीं देना होगा। -अर्चना पांडे, निवेश सलाहकार*

# कलात्मकता की आड़ में ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अश्लीलता, निगरानी के साथ सख्ती जरूरी

*जब से टेलीविजन शो की जगह वेब सीरीज ने ले ली, ओटीटी प्लेटफॉर्म का बोलबाला बढ़ गया है। कोरोना महामारी के समय से ओटीटी प्लेटफॉर्म की मांग बहुत बढ़ गई। लेकिन ओटीटी प्लेटफॉर्म हमारे समाज को निरंतर दूषित करने में लगे हुए हैं। कलात्मक स्वतंत्रता और मनोरंजन के नाम पर ओटीटी प्लेटफॉर्म पर धड़ल्ले से अश्लील, हिंसक, विवादास्पद सामग्री परोसी जा रही है, जो कहीं न कहीं हमारे समाज की नैतिकता और मूल्यों को बुरी तरह से प्रभावित कर रही है। ओटीटी प्लेटफॉर्म के द्वारा इरॉटिक कंटेंट के नाम पर लगातार अश्लील सामग्री परोसी जा रही है, जिसमें गालियां एवं हिंसा की भी भरमार होती है, जिसका हमारे समाज पर बहुत ही नकारात्मक असर पड़ता है। मानवीय संवेदना को प्रस्तुत करने के बजाय पोर्न और इरॉटिक के बीच के बारीक से फर्क को मिटाकर कलात्मकता के नाम पर सिर्फ नग्नता और अश्लीलता को ओटीटी प्लेटफॉर्म के माध्यम से परोसा जा रहा है। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर सजे इस अश्लीलता के बाजार पर सख्त अंकुश लगाने की जरूरत है। वर्ष 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने भी ओटीटी पर दिखाई जाने वाली सामग्री को लेकर सख्त टिप्पणी की थी। संसद में भी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर हिंसक, अश्लील एवं विवादास्पद सामग्री परोसे जाने का मामला कई बार उठा। इन सब विवादों के चलते कई बार सरकार से यह मांग की गई कि ओटीटी पर दिखाई जाने वाली सामग्री के संदर्भ में विनियमन नीति लागू की जानी चाहिए। सरकार ने ओटीटी पर दिखाई जाने वाली सामग्री को लेकर दिशा-निर्देश भी जारी किया है। केंद्र सरकार के दिशा-निर्देश में स्पष्ट तौर पर कहा गया है कि ओटीटी पर गैर-कानूनी सामग्री दिखाने की अनुमति नहीं होगी। हालांकि सरकार ने प्री सेंसरशिप का रास्ता अपनाने के बजाय ओटीटी प्लेटफॉर्म को स्वनियमन अपनाने के लिए कहा है। लेकिन स्वनियमन कैसे हो और इसका दायरा क्या होगा, इसके बारे में सरकार ने स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी कर दिया है। सरकार ने साफ कर दिया है कि कोई भी ओटीटी प्लेटफॉर्म देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता को आघात पहुंचाने वाले दृश्य और संवाद नहीं दिखाएंगे। लेकिन इन दिशा-निर्देशों के बावजूद जब अश्लील और आपत्तिजनक सामग्री परोसे जाने का सिलसिला नहीं रुका, तो मोदी सरकार ने अहम कदम उठाते हुए 18 ओटीटी प्लेटफॉर्म पर बैन लगा दिया, जो निश्चित रूप से स्वागत योग्य कदम है। द ग्लोबल स्टैटिक्स डॉट कॉम की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में 45 करोड़ ओटीटी सब्सक्राइबर्स हैं। ओटीटी कंटेंट में अश्लीलता, नग्नता और नशीले पदार्थों को इस हद तक ग्लैमराइज किया जाता है कि बच्चे भी इसके मोहजाल से खुद को रोक नहीं पाते हैं। देखा जाए, तो ओटीटी प्लेटफॉर्म पर प्रसारित होने वाली 10 में से आठ वेब-सीरीज या शो ऐसे होते हैं, जिन्हें परिवार के साथ नहीं देखा जा सकता। यहां तक कि छात्र एवं शिक्षक तक के रिश्तों को भी अश्लील एवं असभ्य तरीके से दिखाया जाता है। यही नहीं, पारिवारिक रिश्तों की नींव भी कार्यक्रमों में प्रदर्शित अश्लील दृश्यों के माध्यम से नष्ट करने की साजिश चल रही है। एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार, 2016 से 2020 के दौरान भारत में ओटीटी पर अश्लील सामग्री 1,200 प्रतिशत से ज्यादा तेजी से बढ़ी है, जो बालमन से लेकर बड़े-बुजुर्गों तक को प्रभावित कर रही है। ऐसे में सरकार द्वारा ओटीटी प्लेटफॉर्म को इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी ऐक्ट के तहत सेक्शन 67 और 67 (ए) के भारतीय दंड संहिता के सेक्शन 292 और महिलाओं के अश्लील प्रतिनिधित्व (निषेध) अधिनियम, 1986 की धारा 4 का उल्लंघन करने के आरोप में प्रतिबंधित किया गया है। निश्चित रूप से तकनीक के विकास ने हमारे जीवन को सुविधा संपन्न बनाया है, लेकिन इसी तकनीकी की मदद से बच्चों की मासूमियत छीनी जा रही है। बच्चे समय से पहले ही बड़े हो रहे हैं। यही नहीं, अब इसने मानवीय मूल्यों से भी खेलना शुरू कर दिया है, जो एक सभ्य समाज के लिए दुखद और त्रासदीपूर्ण है। इन्हीं हिंसक, अश्लील सामग्रियों की वजह से किशोर उम्र के बच्चे कमजोर और दूषित मानसिकता के शिकार हो रहे हैं। उनके भीतर अपराधिक प्रवृत्ति जन्म ले रही है। संतोष की बात है कि अब सरकार ने कुछ हद तक ही सही, लेकिन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर निगरानी रखनी शुरू कर दी है। लेकिन अब भी इस दिशा में सख्ती जरूरी है, ताकि मनोरंजन के नाम पर समाज में अश्लीलता फैलाने से रोका जा सके।*

# मशहूर भजन गायिका शांतिलता बारिक का निधन, लंबे समय से जूझ रही थी कैंसर से



नई दिल्ली । ओडिशा की प्रसिद्ध भक्ति गायिका शांतिलता बारिक का निधन हो गया है। शांतिलता लंबे समय से कैंसर से जंग लड़ रही थी। सोमवार रात शांतिलता ने 64 वर्ष की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। शांतिलता के परिवार ने उनके निधन की जानकारी देते हुए बताया वे लंबे समय से कैंसर से जंग लड़ रही थी और पिछले कुछ दिनों से वेंटिलेटर सपोर्ट पर थीं, जिसके बाद सोमवार रात को उनका निधन हो गया।

**ओडिशा के घर-घर में थीं लोकप्रिय** गौरतलब है कि शांतिलता बारिक ओडिशा में घर-घर में पहचानी जाती थीं। बालकृष्ण दास, मार्कंडेय महापात्रा, सिंघारी श्यामसुंदर कर और गोपाल पांडा जैसे दिग्गजों ने उन्हें प्रशिक्षित किया था। उन्होंने 'थका मन चला जिबा', 'भाजी भाजी तो नामा', 'हे चकनयन' और 'बलिरेणु महाबंध' जैसे कई लोकप्रिय गीत गाए। शांतिलता बारिक को भुवनेश्वर के उत्कल संगीत महाविद्यालय से 'आचार्य' की उपाधि मिली थी। ओडिया संगीत, भाषा और संस्कृति में उनके योगदान के लिए उन्हें ओडिशा संगीत नाटक अकादमी द्वारा भी सम्मानित किया गया था। प्रसिद्ध भक्ति गायिका के निधन पर जानी-मानी हस्तियों ने शोक व्यक्त किया है। **सीएम पटनायक ने जताया शोक** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कहा कि उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा, शांतिलता बारिक सांस्कृतिक जगत में एक खालीपन हो गया है। मैं उनकी दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि देता और उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं'। इस दौरान नवीन पटनायक ने यह भी घोषणा की कि शांतिलता बारिक का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। वहीं, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि उनके गीतों में आध्यात्मिकता और भक्ति की भावना थी। उन्होंने संगीत के माध्यम से लोगों को ओडिशा की संस्कृति और श्री जगन्नाथ से जोड़ा'।

# 'लव सेक्स और धोखा में दिखा उर्फी जावेद का बोल्ड अवतार



फिल्म 'लव सेक्स और धोखा-2' को लेकर पिछले कई दिनों से हर कोई उत्सुक है। एलएसडी (द्यह्यस्त्र) का पहला भाग यानी लव सेक्स और धोखा काफी लोकप्रिय हुआ था, इसलिए दूसरे भाग को लेकर हर कोई उत्सुक था। आखिरकार एलएसडी-2 का धमाकेदार टीजर रिलीज हो गया है। यह फिल्म रियलिटी शो के पीछे के काले पक्ष को उजागर करेगी। मेकर्स ने 'लव सेक्स और धोखा-2' का अब तक का सबसे बोल्ड और धमाकेदार टीजर रिलीज कर दिया है। टीजर दर्शकों को आधुनिक इंटरनेट युग में स्थापित तीन समानांतर कहानियों की झलक देता है। टीजर में डिजिटल दुनिया में प्यार और धोखे के प्रभाव को दिखाया गया है। इसके अलावा रियलिटी शो के नाम पर प्रतियोगी किस स्तर तक चले जाते हैं इसका साहसिक और अपरिचित पक्ष भी देखने को मिलता है।एलएसडी-2 का निर्देशन दिबाकर बनर्जी ने किया है। इस फिल्म में उर्फी जावेद, तुषार कपूर, अन्नू मलिक, मौनी रॉय और अन्य नवोदित कलाकार नजर आ रहे हैं। एकता कपूर की बालाजी फिल्म्स ने एलएसडी-2 का निर्माण किया है। यह फिल्म 19 अप्रैल को दर्शकों के सामने आ रही है। बोल्ड टीजर और बोल्ड सब्जेक्ट की वजह से दर्शकों में फिल्म को लेकर उत्सुकता बनी हुई है।

# तब्बू, करीना कपूर की फिल्म 'क्रू' ने कर ली 50 करोड़ से अधिक की कमाई



मुंबई ! तब्बू, करीना कपूर और कृति सेनन स्टारर फिल्म 'क्रू' शुक्रवार 29 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है। फिल्म ने पहले दिन जबरदस्त कमाई की है। यह वर्ष 2024 की अब तक की सबसे ज्यादा ओपनिंग करने वाली फिल्मों में शामिल हो गई है। फिल्म ने पहले तीन दिन में भारत में 29.25 करोड़ रुपये की कमाई की है जबकि इस दौरान फिल्म ने ग्लोबल स्तर पर तीन दिन में 50 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है।दर्शक 'क्रू' की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, क्योंकि यह फिल्म रिलीज से पहले ही काफी चर्चा में थी। पहले फिल्म का मनोरंजक टीजर सामने आया, फिर ट्रेलर ने दर्शकों का उत्सुकता बढ़ा दी। इस फिल्म में करीना, तब्बू और कृति पहली बार एक साथ आई हैं।'सैक्निल्क' रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म 'क्रू' ने तीसरे दिन यानी रविवार को 10.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। जबकि फिल्म ने पहले दिन 9.25 करोड़ की कमाई की थी और दूसरे दिन 9.75 करोड़ की कमाई की थी। इस तरह फिल्म ने तीन दिनों में भारत में कुल 29.25 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है। वही फिल्म दुनियाभर में लगभग 50 करोड़ रुपये की कमाई कर चुकी है। रिपोर्ट की मानें तो इस फिल्म का बजट 40-50 करोड़ के बीच में है। फिल्म 'क्रू' का निर्देशन राजेश कृष्णन ने किया है और इसमें कपिल शर्मा, दिलजीत दोसांझ, शाश्वत चटर्जी और राजेश शर्मा भी हैं। यह कॉमेडी फिल्म पहले दिन अच्छी कमाई करने में कामयाब रही है। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अजय देवगन की 'शैतान' से क्लैश हो रही है, लेकिन फिल्म को तीन हफ्ते हो गए हैं। इसके अलावा कोई और बड़ी फिल्म रिलीज नहीं हुई है, उसका फायदा इस फिल्म को मिल सकता है।

## माधवन की फिल्म 'शैतान' ने अब तक कमाए 200 करोड़

मुंबई ! फिलहाल बॉक्स ऑफिस पर हैं अजय देवगन और आर. माधवन की फिल्म 'शैतान' का जलवा है। यह फिल्म रिलीज से पहले ही दर्शकों के बीच इसकी चर्चा थी। इतना ही नहीं इस फिल्म के लिए कई लोगों ने एडवांस बुकिंग भी करा ली थी। दिलचस्प बात यह है कि यह फिल्म फिलहाल बॉक्स ऑफिस पर सफलतापूर्वक चल रही है। इस फिल्म ने 200 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। फिल्म 'शैतान' का बॉक्स ऑफिस पर सफलता का सिलसिला जारी है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, चौथे रविवार इस फिल्म ने 1.90 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 138.90 करोड़ रुपये हो गया है। वही दुनियाभर में भी 'शैतान' का खूब डंका बज रहा है। इस फिल्म ने 24 दिन में 200 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है।फिल्म 'शैतान' की बात करें तो यह फिल्म काला जादू, वशीकरण और अंधविश्वास पर आधारित है। फिल्म में अजय देवगन एक पिता की भूमिका निभा रहे हैं, जबकि आर माधवन वनराज नाम के खलनायक की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म 'शैतान' में ज्योतिका सदाना-सरवनन, जानकी बोदीवाला, अंगद राज भी मुख्य भूमिका में हैं।

# बड़े मिया छोटे मिया फिल्म के विलेन का बॉक्स ऑफिस पर तूफान, तोड़ दिए सारे रिकॉर्ड



मुंबई- साउथ इंडस्ट्री के सुपरस्टार्स का अलग ही बोलबाला है. इन दिनों सभी ऑडियंस की नजरें सिर्फ अपकमिंग फिल्म बड़े मिया छोटे मिया पर हैं. ये फिल्म जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है. फिल्म में जहां एक तरफ बॉलीवुड के दो बड़े स्टार्स अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ लीड रोल में हैं वहीं फिल्म में साउथ सुपरस्टार पृथ्वीराज सुकुमारन विलेन के रोल में नजर आएंगे. लेकिन मौजूदा समय में वे एक और फिल्म को लेकर चर्चा में हैं. उनकी फिल्म द गोट लाइफ रिलीज हो गई है और फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होते ही बड़ा रिकॉर्ड भी बना दिया है. आजकल के दौर में फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर अलग लेवल का कॉम्पिटिशन चल रहा है. कोरोना के बाद से तो कई सारी साउथ की फिल्में रिलीज हुई हैं जिन्होंने बॉक्स ऑफिस पर बॉलीवुड फिल्मों को न सिर्फ टक्कर दी है बल्कि पिछाड़ा भी है. पिछले कुछ समय से साउथ की फिल्मों को लेकर लोगों का इंटरेस्ट भी बढ़ा है. इसका असर सीधे तौर पर साउथ की फिल्मों के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन पर पड़ रहा है. हाल ही में रिलीज हुई पृथ्वीराज सुकुमारन की फिल्म द गोट लाइफ जमकर कमाई कर रही है. फिल्म ने पहले वीकेंड में इतनी ज्यादा कमाई कर ली है कि ये एक रिकॉर्ड बन गया है.रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म ने रिलीज के 3 दिनों में करीब 65 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है. इस लिहाज से ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 3 दिनों में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली मॉलीवुड फिल्म बन गई है. फिल्म का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन आगे भी अच्छा रहने की उम्मीद है. खासकर साउथ में इस फिल्म को खूब ऑडियंस मिल रही है. हालांकि फिल्म को हिंदी भाषा में उतना अच्छा रिस्पॉन्स नहीं मिल रहा है. ये फिल्म आदुजीविथम नाम की नॉवेल पर बेस्ड है और मलियाली माइग्रेंट्स के संघर्षों को दिखाती है. फिल्म में पृथ्वीराज सुकुमारन की एक्टिंग की खूब तारीफ की जा रही है.

# क्या प्रेग्नेंट हैं अथिया शेट्टी ? केएल राहुल को मिल रही बधाई



मुंबई । बॉलीवुड एक्ट्रेस और सुपरस्टार रहे सुनील शेट्टी के बेटी अथिया शेट्टी के प्रेग्नेंट होने की चर्चा की है. वह जल्द ही मां बनने वाली हैं. सुनील शेट्टी ने खुद इसकी पुष्टि की है. उन्होंने डांसिंग रियलिटी शो 'डांस दिवाने' में नाना बनने के बात कही है. वह बहुत जल्द ग्रैंड पेरेंट बनने वाले हैं. नाना बनने को लेकर बहुत ही एक्साइटेड भी दिखे. साथ ही उन्होंने बताया कि वह नाना बनेंगे तो किस तरह से अपने नाती से प्यार करेंगे और कुछ बच्चों से जुड़ी हरकतें करके के भी दिखाते हैं. सुनील के इस खुलासे का वीडियो भी तेजी से वायरल हो रहा है.

दरअसल, यह वीडियो 'डांस दीवाने' का है, जिसमें होस्ट भारती सिंह, जज सुनील शेट्टी से कहती हैं, सुनील सर, आपकी बेटी के बच्चे होंगे और आप नाना बन जाओगे. भारती के इस सवाल के जवाब में सुनील अपने स्टाइल में कहते हैं, हां, अगले सीजन में, मैं जब यहां आऊंगा तो नाना की तरह स्टेज पर चलूंगा.

भारती सिंह फिर मजाकिया अंदाज में कहती हैं,फिर आपको झुक कर चलना पड़ेगा और एक दो दांत भी गिराने पड़ेंगे. भारती फिर सुनील की नाना के अवतार वाली फनी मिमिक्री करती है. सुनील भी कुछ उसी तरीके करते हैं. 'डांस दीवाने' का यह एपिसोड बीती रात को कलर्स पर आया था.

अथिया शेट्टी-केएल राहुल को मिल रही बधाई

अथिया शेट्टी और उनके क्रिकेटर पति केएल राहुल की तरफ से अभी इस तरह की जानकारी सामने नहीं आई है. लेकिन सुनील शेट्टी की इस बात ने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है. फैंस इस प्रोमो वीडियो पर कमेंट कर सुनील, राहुल और अथिया को बधाई दे रहे हैं. साथ ही ये डिलीवरी डेट भी पूछ रहे हैं.

अथिया शेट्टी-केएल राहुल की जनवरी 2023 में हुई शादी

हालांकि सुनील शेट्टी की बात से लगता है कि वह डांस दीवाने के अगले सीजन के आने तक नाना बन जाएंगे. बता दें अथिया और केएल राहुल ने जनवरी 2023 में शादी की थी. इस शादी में सिर्फ करीबी दोस्त और फैमिली के लोग ही शामिल हुए थे. यह शादी सुनील के खंडाला वाले फॉर्म हाउस पर हुई थी.

# आई.ए.एस.महिला अधिकारी का पति होटल में विदेशी लड़कियों संग मना रहा था रंगरलियां, उड़े होश



लुधियाना । लुधियाना के थाना सराभा नगर के इलाके स्थित एक होटल में एक महिला आई.ए.एस. अधिकारी के पति को थाना डिवीजन नंबर 5 की पुलिस ने रंगरलियां मनाते हुए काबू किया है, हालांकि किसी भी पुलिस अधिकारी ने इस बात की पुष्टि नहीं की है।

जानकारी के अनुसार थाना डिवीजन नंबर 5 की पुलिस को सूचना मिलती थी कि सराभा नगर स्थित एक होटल में कुछ लोग विदेशी लड़कियों के साथ रंगरलियां मना रहे हैं जिसके बाद इलाका पुलिस मौके पर पहुंची तो 2 विदेशी लड़कियां व 2 व्यक्ति रंगरलियां मनाते हुए इलाका पुलिस के हत्थे चढ़ गए। प्रारंभिक पूछताछ दौरान काबू किया एक व्यक्ति पुलिस पर रौब जमाने का प्रयास करता है और खुद को को आई.ए.एस. अधिकारी का पति बताता है। तब पुलिस ने संयम का परिचय देते हुए कथित आरोपी से महिला आई.ए.एस. अधिकारी का नाम पूछ उसे कॉल किया। पुलिस ने जब महिला अधिकारी को सारी स्थिति से अवगत करवाया तो महिला अधिकारी ने पुलिस को पति के खिलाफ केस दर्ज करने की हिदायत के साथ निर्देश भी दिया जिसके बाद पंजाब पुलिस भी असमंजस में पड़ गई। वहीं खबर लिखे जाने तक पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया था परंतु सूत्रों के अनुसार देर रात केस दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। इस संबंधी थाना प्रभारी से लेकर ए.सी.पी. सिविल लाइन व ए.डी.सी.पी. ने भी मीडिया का मोबाइल उठाना उचित नहीं समझा। । वहीं महिला अधिकारी के इस साहसिक निर्णय की चर्चा मीडिया में बनी रही।

# महेश ठाकुर का खुलासा, पुलिस ने सलमान खान को पूरी रात पुलिस स्टेशन में ही बैठाए रखा था



मुंबई । बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान लगभग तीन दशकों से अपने फैंस को फिल्मों के जरिए एंटरटेन कर रहे हैं। उनकी आज भी वैसी ही फैन फॉलोइंग है, जैसी 90 के दशक में हुआ करती थी, जब उन्होंने फिल्मों में एंट्री की थी। उन्होंने एक से बढ़कर एक सुपरहिट फिल्मों में काम किया, जिसमें हम साथ-साथ है शामिल है। इस फिल्म में आनंद बाबू का किरदार निभाने वाले एक्टर महेश ठाकुर ने हाल ही में एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। उन्होंने उस दिन को याद किया, जब सलमान को पुलिस पकड़कर ले गई थी और उन्हें पूरी रात थाने में बैठा कर रखा था।साल 1999 में रिलीज हुई मल्टीस्टारर फिल्म 'हम साथ-साथ हैं' में सलमान खान, सैफ अली खान, तब्बू और करिश्मा कपूर समेत कई कलाकारों ने साथ काम किया था। इस फिल्म की जोधपुर में शूटिंग के दौरान सलमान समेत फिल्म की स्टार कास्ट से जुड़े कुछ कलाकारों ने काले हिरण का शिकार किया था। यह घटना खूब सुर्खियों में रही थी।

**हम जोधपुर में शूट कर रहे थे** महेश ठाकुर ने हाल ही में सिद्धार्थ कनन को दिए इंटरव्यू में कहा कि यह बहुत ही बुरा एक्सपीरियंस था। हम जोधपुर में एक गाने की शूटिंग कर रहे थे तभी सेट पर कुछ पुलिस आई और सबको उठाकर पुलिस स्टेशन ले गई। इस पूरे मामले में ना तो मैं, ना ही मोहनीश बहल और ना ही करिश्मा कपूर इसमें शामिल थीं। हम तीनों ही इसमें शामिल नहीं थे। उनमें से सिर्फ पांच। हमने जो देखा और अनुभव किया, वो अच्छी बात नहीं थी।

**सलमान भाई पुलिस के साथ रातभर वहां थे** एक्टर ने आगे बताया कि पुलिस सेट से सलमान खान, सैफ अली खान, नीलम कोठारी, तब्बू और सोनाली बेंद्रे को उठाकर ले गई थी। महिलाओं को जाने दिया गया, लेकिन मुझे लगता है कि सलमान भाई पुलिस के साथ रातभर वहां थे। उसके बाद उनके भाई अरबाज और सोहेल उन्हें छुड़ाने आए। अगले दिन सलमान वापस सेट पर आए और एक दम नॉर्मल तरीके से फिल्म की शूटिंग जारी रखी। वो कूल डूड हैं और वो ठीक थे। सैफ भी अगले दिन नॉर्मल थे।

# भीकनगांव शराब ठेकेदारों ने अवैध कामो में मचा रखी धूम

# आचार सहिता के बाद भी अबाकारी विभाग का आशीर्वाद

**पियूष अग्रवाल। सिटी चीफ खरगोन,** भीकनगांव क्षेत्र में आबकारी विभाग के खुले आशीर्वाद के चलते शराब ठेकेदार ने तहसील भर में अवैध शराब के कामकाज में धूम मचा रखी है। शहर की बात की जाए तो अवैध शराब परोसी जा रही है। वही शराब ठेकेद्वार द्वारा बिना नम्बर की दो पहिया एवं चार पहिया वाहन से बड़े पैमाने पर अवैध रूप से शराब क्षेत्रों में सप्लाई की जा रही है। इसके साथ अहाते बन्द होने बाद भी बड़े पैमाने पर अवैध रूप से अहाते भी संचालित किए जा रहे हैं।मामला यही खत्म नही होता। जिलेभर सभी शराब दुकानों से किसी भी शराब दुकान द्वारा उवभोक्ताओ बिल नहीं दिया जाता है। सबसे हैरतअंगेज बात यह है कि इन सभी अवैध कामों की खबर आबकारी विभाग को है। लेकिन इसके बाद भी आबकारी विभाग अपनी आंख और कान बंद करके खुलेआम इन अवैध कामों का समर्थन कर रहा है। जिला आबकारी अधिकारीयो की कार्यप्रणाली पर भी कई सवाल खड़े होते है। सब कुछ खबर होने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। कई बार इन सभी मामलों की जानकारी के लिए भीकनगांव के स्थानीय आबकारी सचिन भास्करे को भी संपर्क किया फोन नहीं उठाते हैं या फिर दबिश देने के नाम से अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ लेते हैं।

लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार सहिता होने बाद भी प्रशासन बेखबर इतना ही नही क्षेत्र में अवैध शराब का काम करने वाले ठेकेदार के हौसले इस कदर बुलंद है। कि खुलेआम चौकी थानों के सामने से अवैध रूप से शराब का परिवहन बेखौफ होकर करते हैं फिर चाहे वो भीकनगांव की शराब दुकान हो या अंजनगाव की या बमनाला की बरूड़ की लेकिन यह सब आबकारी पुलिस को नजर नही आ रहा या जानबूझकर कर अनजान बना हुआ है अबाकारी।

**ग्राहकों नही दिया जाता पक्का बिल**

भीकनगांव नगर में संचालित शराब दुकान से एम,एस,पी व एम,आर,पी से शराब खरीदने वालों को पक्का बिल नही दिया जाता ऐसा क्यू जानते है जानकारों की मानें तो दुकानदार शराब बेचने के बाद उपभोक्ता को इसलिए बिल नहीं देते, क्योंकि बिल देने पर आबकारी विभाग को यह पता चल जाएगा कि संबंधित शराब दुकान में प्रतिमाह शराब की कितनी खपत होती है। वहीं बिल देने पर शराब दुकानदार महंगे दाम पर शराब नहीं बेच पाएंगे।



## सोमवार को हुआ चने केंद्र का मोहरत

### किसान को माला नारियल दे कर की सुरुवात, समर्थन मूल्य 5440 में तुला चना




**पियूष अग्रवाल.। सिटी चीफ** भीकनगांव, भारत सरकार की समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत रबी सीजन 2024 की चना की नई फसल की खरीदी कृषको से समर्थन मूल्य पर की जा रही है जिसका समर्थन मूल्य 5440 रुपये है जिसमे 25 मार्च से केंद्रों पर चने की खरीदी की शुरुआत हो चुकी है 1 अप्रेल सोमवार को महावर वेयर हाउस में 1 बैलगाड़ी व 3 टेक्ट्टर वाहन मोहरत में आये नेफेट अधिकारी (सरवर) गोलू निगवाल की मौजूदगी में हुआ मोहरत में किसान को माला पहनाकर सर्व प्रथम किसान केशरी सिंह पिता गिरवर सिंह गाम बमनाला द्वारा 11 किवंटल चना बैलगाड़ी से मोहरत हुआ इस दौरान मार्केटिंग सोसायटी के अधिकारी कमल यादव, परसराम यादव, अरविंद यादव,जयसिंह,कपिल तोमर सहित किसान हम्माल मौजूद थे।

## दिव्या और भव्य रूप से मानेगा नौलखी में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव, हर वर्ग की होगी भागीदारी

### महोत्सव के लिए जागृति महिला मंडल ने सौंपी सवा लाख रुपए की भेंट





**गंजबासौदा।** वेत्रवती घाट स्थित नौलखी आश्रम में आगामी 10 अप्रैल से 20 अप्रैल तक चलने वाले विराट प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को भव्य और दिव्य रूप से मनाया जाएगा। यह निर्णय बुधवार को स्टेशन रोड़ स्थित नौलखी मंदिर में आयोजित हुई गणमान्य नागरिकों और श्रद्धालुओं की बैठक में लिया गया। बैठक के दौरान महायज्ञ की अब तक की तैयारियों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया। बैठक के दौरान जागृति महिला मंडल के द्वारा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में सवा लाख रुपए की भेंट राम मनोहर दास जी को भगवान जगदीश स्वामी के प्रतिमा के समक्ष सौंपी। इस मौके पर नगर के विभिन्न संगठनों ने आयोजन स्थल पर अलग-अलग व्यवस्थाओं में सेवाएं देने में अपनी सहमति दी।

मालूम हो कि नौलखी आश्रम में 10 अप्रैल से 10 दिवसीय विराट प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है जो की 20 अप्रैल तक चलेगा। इस आयोजन में भगवान जगन्नाथ स्वामी के नवीन विग्रह, राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा सहित संगीतमय बाल्मीकि रामायण कथा, 33 कुंडीय सीताराम महायज्ञ और रात्रि के समय रामलीला का मंचन प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा किया जाएगा। बैठक के द्वारा निर्णय लिया गया की 10 तारीख को कलश यात्रा स्टेशन रोड़ स्थित नौलखी मंदिर से प्रारंभ होगी। नगर के सिद्ध तपस्वी संत बाबा जगन्नाथ दास जी महाराज की तपस्वी स्थली पर करीब 90 साल बाद आश्रम पर आयोजित हो रहे इस विराट महोत्सव को दिव्यता और भव्यता के साथ संपन्न कराने के लिए नगर में उत्साह का माहौल है और हर वर्ग बढ़ चढ़कर सहयोग दे रहा है। बैठक में उपस्थित ऑटो यूनियन के सदस्यों विनोद कुशवाहा, अशोक प्रजापति, लाला खटीक ने घोषणा कि वह स्टेशन क्षेत्र, बरेठ रोड़ और त्योंदा रोड़ से ?20 प्रति सवारी एवं गांधी चौक,सदर बाजार और राजेंद्र नगर से मात्र ?10 प्रति सवारी के हिसाब से श्रद्धालुओं को यज्ञ स्थल तक पहुंचाया जाएगा। बैठक में उप यज्ञाचार्य पंडित केशव शास्त्री ने यजमानों की नियमावली सहित अन्य तैयारियों पर विस्तार से जानकारी दी। बैठक में विधायक हरि सिंह रघुवंशी,पूर्व कानून मंत्री वीर सिंह रघुवंशी, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राकेश सिंह जादौन,पूर्व जनपद अध्यक्ष प्रहलाद सिंह रघुवंशी, समाजसेवी कांतिभाई शाह, पूर्व मंडी अध्यक्ष कमल सिंह रघुवंशी, देवेंद्र वर्मा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में नगर के अनेक गणमान्य नागरिक और श्रद्धालु मौजूद थे।

## आदतन अपराधियों या असामाजिक तत्व के खिलाफ भी कार्यवाही करे - कलेक्टर

**अलीराजपुर** । लोक सभा निर्वाचन 2024 के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ अभय अरविंद बेडेकर की अध्यक्षता में नोडल अधिकारियों की बैठक का आयोजन कलेक्टर सभा कक्ष में किया गया । उन्होने निर्देशित किया कि लोक सभा निर्वाचन 2024 स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा निर्विघ्न संपन्न कराए जाने हेतु जिले में सुरक्षा, लोक शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 (1) के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया जिसका पालन करना सुनिश्चित करे। किसी भी परिस्थिति में जिले में सौहार्द का वातावरण न बिगडे। उन्होने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा मतदान केन्द्र एवं नाम परिवर्तन के भेजे गए सभी प्रस्ताव को स्वीकृत किया है ।जिले में मत प्रतिशत बढाने के लिए स्वीप गतिविधियां संचालित की जा रही है - कलेक्टर कलेक्टर डॉ बेडेकर ने कहा कि पिछले विधानसभा निर्वाचन के दौरान जिले में मत प्रतिशत आशा अनुरूप नहीं था जिसको बढाने के लिए जिले में स्वीप गतिविधियां संचालित की जा रही है इसके अंतर्गत पलायन करने वाले मतदाताओं के लिए कंट्रोल रूम, जागरूकता बढ़ाने के स्वीप कैलेंडर एवं जिले की दोनो विधानसभाओं में प्रचार रथ का प्रयोग किया जा रहा है। उन्होने बताया कि जिले में जिला बदर एवं एनएसए की कार्यवाही भी की जा रही है समस्त अनुविभागीय अधिकारी अपने



अपने कार्यक्षेत्र में भ्रमण करें एवं आदतन अपराधियों या असामाजिक तत्व के खिलाफ भी कार्यवाही करे ताकि निर्वाचन शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो सके ।इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ बेडेकर ने निर्देशित किया कि अपने अपने क्षेत्रों में दिव्यांग एवं 85 वर्ष से अधिक मतदाताओं के लिए मतदान करने के लिए हर प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें । उन्होने बताया कि निर्वाचन में कार्यरत सभी कर्मचारी अपने मताधिकार का उपयोग कर सके इसके लिए ईडीसी भी जारी किए जाएंगे । इस बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अभिषेक चौधरी समेत समस्त नोडल अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे ।कलेक्टर सभा कक्ष में कलेक्टर डॉ अभय अरविंद बेडेकर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया । इस बैठक में कलेक्टर डॉ बेडेकर ने समस्त अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिले में संचालित अवैध मास विक्रेता के खिलाफ लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही है जिले में मुहिम चलाकर समस्त अवैध मांस विक्रेताओं के खिलाफ कार्यवाही कर उन्हे शेल्टर हाउस में शिफ्ट कराया जाए ताकि राहगीरां को कोई परेशानी न हो। जिले में जो मांस विक्रेताओं की दुकानें घर से संचालित हो रही है उनके लाइसेंस निरस्त करें और संबंधित के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही करें । मास विक्रेताओं के खिलाफ कार्यवाही पूर्ण कर मुख्यलाय को अवगत कराए । उन्होने समस्त अधिकारियों को बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 की व्यवस्थाओं एवं राजस्व महाअभियान की समीक्षा के लिए आगामी दिनो में संभागीय आयुक्त श्री दीपक सिंह एवं टीम द्वारा जिले का भ्रमण किया जाएगा। इस दौरान उन्होने लंबित प्रकरणों की जांच कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए । इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अभिषेक चौधरी , अपर कलेक्टर श्रीमती अनुपमा चौहान , संयुक्त कलेक्टर सुश्री प्रियांशी भंवर ,अनुविभागीय अधिकारी अलीराजपुर श्री तपीस पांडे , अनुविभागीय अधिकारी जोबट श्री विरेन्द्र सिंह बघेल , अनुविभागीय अधिकारी चंद्रशेखर आजाद नगर श्री एसआर यादव , समेत संबंधित विभाग के अधिकारी एव कर्मचारी गण उपस्थित थे।

### भाजपा स्थापना दिवस की तैयारियों के लिए दमोह विधानसभा की बैठक संपन्न

## 4 अप्रैल को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव नामांकन रैली होंगे शामिल- प्रीतम सिंह

**दमोह** - आगामी लोकसभा चुनाव और कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर दमोह विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत पांचों मंडलों की संयुक्त बैठक जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित हुई, जिसमें पूर्व वित्त मंत्री और दमोह विधायक जयंत मलैया, लोकसभा चुनाव प्रभारी विनोद यादव, पूर्व मंत्री दशरथ सिंह, जिला महामंत्री सतीश तिवारी, लोकसभा विस्तारक बृजेश चौरसिया, लोकसभा सह संयोजक श्याम शिवहरे अतिथि के रूप में मंचाशीन रहे। इस बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने की। बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष और विधान सभा प्रभारी संजय सेन के किया। लोकसभा प्रभारी विनोद यादव ने कहा कि अबकी बार 400 पार का जो लक्ष्य लेकर हमारी पार्टी लोकसभा के चुनाव के मैदान में है, यह 400 पार का लक्ष्य हम तभी पार करेंगे जब प्रत्येक बूथ स्तर का हमारा कार्यकर्ता 40 से 45 डिग्री की गर्मी में भी बूथ स्तर पर प्रत्येक मतदान केंद्र पर सक्रिय भूमिका निभायेगा, रामराज्य की परिकल्पना को साकार रूप देने वाली सरकार को जिताने के लिए प्रयास करना है साथ ही नगर में पहली बार प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का भाजपा प्रत्याशी के नामांकन पर आगमन दोपहर 2 बजे हो रहा है जिसे भी ऐतिहासिक बनाना है। विधायक जयंत मलैया ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि आप सब अनुभवी है, आप सभी कई चुनाव लड़ चुके है, लड़ा चुके है इसलिये आप सभी को आगामी लोकसभा चुनाव, स्थापना दिवस और मुख्यमंत्री के आगमन के कार्यक्रम को सफल बनाना है। जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने कहा कि लाभार्थियों,नागरिको से मोदी की राम राम कहना है, हम सभी को उत्साह के माहौल को बनाकर रखना होगा और मतदान का प्रतिशत बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना है, प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का प्रथम बार दमोह आगमन हो रहा हैं, जो आप सभी की मेहनत से भव्य और ऐतिहासिक होगा, तीन गुल्ली से रोड शो प्रारंभ होकर स्टेशन चौराहा, घंटाघर, अंबेडकर चौक होते हुए जिला भाजपा कार्यालय में संपन्न होगा।

जिला सह मीडिया प्रभारी महेन्द्र जैन ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया की पार्टी का स्थापना दिवस 6 अप्रैल को बूथ स्तर पर मनाया जाना है, इसकी तैयारियों को लेकर एक अप्रैल को सभी 22 मंडलो में बैठके आयोजित की गई हैं, 2 और 3 अप्रैल को जिले के सभी शक्ति केंद्रों की बैठकें होंगी। जिले के सभी 1168 बूथों पर समारोह पूर्वक स्थापना दिवस मनाया जायेगा जिसमें पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का बूथ स्तर पर सम्मान भी किया जाएगा। पार्टी के सभी कार्यकर्ता इस दिन अपने अपने घरों पर पार्टी का झंडा लगायेंगे, उसके चित्र वीडियो संगठन एप्प, नमो एप्प सहित सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपलोड करेंगे। बैठक की शुरुआत अतिथिओ के द्वारा मां भारती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके की गई। बैठक में जिला उपाध्यक्ष रमन खत्री, अमित बजाज, अरुण तिवारी, जिला मंत्री संजय यादव, वर्षा रैकवार, जिला कार्यालय मंत्री राम लाल उपाध्याय, जिला सह मीडिया प्रभारी महेन्द्र जैन, आई टी सेल प्रभारी रिंकू अनिल गोस्वामी, मंडल अध्यक्ष पवन तिवारी, कृष्णा राज, ब्रजेश सिंह, देवकी नंदन पटेल, दान सिंह, सोशल मीडिया सह संयोजक हर्ष पटेल सहित विधान सभा क्षेत्र में निवासरत पार्षदगण, जनप्रतिनिधि, मोर्चा प्रकोष्ठ के ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओ की उपस्थिति रहीं।

# जावद शाखा को उत्कृष्ट सेवार्थ गतिविधियों के लिऐ किया सम्मानित

## प्रांतीय परिषद की बैठक मे पदाधिकारीयों ने किया सम्मानित




जावद। जावद की एकमात्र सामाजिक संस्था भारत विकास परिषद को उत्कृष्ट सेवार्थ गतिविधियों के लिऐ रीजनल व प्रांत पदाधिकारीयो ने सम्मानित किया है। संस्था के अध्यक्ष मधुदुदन मुछाल व सचिव महेश सोनी ने बताया कि मध्य भारत पश्चिम प्रान्त की प्रान्तीय परिषद् की बैठक नीमच मे संपन्न हुई। जिसमे प्रदीप अग्रवाल, उज्जैन रीजनल महासचिव, सुनील सिंहल, नीमच रीजनल सचिव (सेवा), रेखा पोरवाल, मंदसौर, नेशनल प्रोजेक्ट मेंबर महिला एवं बाल विकास, क्षेत्रीय पर्यवेक्षक सुरेन्द्र प्रधान, ग्वालियर, रीजनल सचिव (संस्कार), मध्य भारत पश्चिम प्रांत के अध्यक्ष प्रदीप चोपड़ा, महासचिव घनश्याम पोरवाल एवं सुनिल लंवगीकर ने जावद शाखा को उत्कृष्ट सेवार्थ गतिविधि ग्राम विकास सहायता, नेत्रदान, पिछले 18 वर्षो से लगातार एम्बुलेंस संचालित को लेकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के अध्यक्ष मधुसुदन मुछाल, सचिव महेश सोनी, प्रांतीय पदाधिकारी अनिल काबरा, कैलाश सोनी, अरूण सोलंकी, प्रांतीय अध्यक्ष प्रदीप चौपड़ा, प्रांतीय मीडिया प्रभारी दिपेश जोशी उपस्थित थे।

# मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाएं तत्काल सुधारी जाए अन्यथा एक्शन ली जाएगी

कलेक्टर श्री बाथम ने समय सीमा पत्रों की बैठक में दी चेतावनी

रतलाम समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक सोमवार को कलेक्टर सभाकक्ष में संपन्न हुई। इस दौरान कलेक्टर श्री राजेश बाथम द्वारा विभिन्न विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर डॉ. शालिनी श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर श्री आर.एस. मंडलोई तथा जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने शासकीय डा. लक्ष्मीनारायण पांडे मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाओं के संबंध में उपस्थित अधिकारी को निर्देशित किया कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल की व्यवस्थाओं में अत्यंत कमी पाई गई है, संभाग आयुक्त द्वारा भी निरीक्षण के दौरान सख्त नाराजगी व्यक्त की गई है। मेडिकल कॉलेज के डीन एक सप्ताह में व्यवस्थाओं में सुधार लाएं अन्यथा सख्त एक्शन ली जाएगी। बताया गया कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल के संबंध में समय सीमा पत्रों के अंतर्गत 40 शिकायतें प्राप्त हुई है जिनका निराकरण मेडिकल कॉलेज प्रबंधन द्वारा किया जाना है। कलेक्टर ने उल्लेख किया कि मेडिकल कॉलेज में डायलिसिस मशीन द्वारा रोगियों को जो लाभ दिया जाना है वह नहीं दिया जा रहा है, इसके अलावा अन्य कई कमियां तथा कुप्रबंधन है जिनको दूर करने के लिए तेजी से कार्य किया जाना है। शिकायत और समस्याओं के निराकरण के लिए कलेक्टर ने एक सप्ताह का समय प्रदान किया। बैठक में जिले के कृषि विभाग की कार्यप्रणाली के प्रति भी सख्त नाराजगी व्यक्त की गई। कलेक्टर ने कहा कि विभाग द्वारा अपने दायित्व का निर्वहन नहीं किया जा रहा है जो कि सख्त आपत्तिजनक है।कलेक्टर ने कृषि विभाग के उपसंचालक को निर्देश दिए कि किसान पराली नहीं जलाएं, विभाग अपने दायित्व के तहत मैदानी क्षेत्र में मॉनिटरिंग करें कि किसानों द्वारा पराली नहीं जलाई जाए, इसका विकल्प किसानों द्वारा अपनाया जाए। विकल्प की जानकारी विभाग द्वारा मैदानी क्षेत्रों में जाकर किसानों को दी जाए। कलेक्टर द्वारा बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्देशित किया गया कि ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की आपूर्ति पर सतत निगाह रखें, कहीं भी कोई समस्या नहीं आए। कलेक्टर द्वारा बैठक में अन्य प्रशासनिक बिंदुओं पर भी समीक्षा की गई जिनमें स्वास्थ्य, महिला बाल विकास विभाग, राजस्व तथा अन्य विभागों की बिंदु सम्मिलित थे।

## अशासकीय स्कूलों की पाठ्यपुस्तकों की सूची एनआईसी पोर्टल पर अवलोकन कर सकते हैं

रतलाम / जनसामान्य की सुविधा के दृष्टिगत सत्र 2024-25 में अशासकीय विद्यालयों द्वारा लागू की गई पाठ्य पुस्तकों की सूची का रतलाम जिले के एनआईसी पोर्टल पर अवलोकन किया जा सकता है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री के.सी. शर्मा ने बताया कि पाठ्य पुस्तकों की सूची एनआईसी पोर्टल https://ratlam.nic.in लिंक पर अपलोड कर दी गई है। लिंक https://drive.google.com/file/d/vGnKQTb-eckg®QimeCwFJxwsJWvTuWmF/viewके माध्यम से कक्षावार पाठ्य पुस्तकों की सूची का अवलोकन किया जा सकता है।

## नरवाई नहीं जलाएं अन्यथा होगी कार्रवाई

रतलाम / जिला कृषि विभाग द्वारा किसानों से कहा गया है कि खेतों में नरवाई नहीं जलाएं। इस संबंध में कलेक्टर श्री राजेश बाथम द्वारा आदेश भी जारी किया गया है कि नरवाई जलाने पर कार्रवाई की जाएगी। कृषि विभाग ने बताया है कि नरवाई जलाना खेत के लिए आत्मघाती होता है। आग लगने से भूमि में उपलब्ध जैव विविधता समाप्त हो जाती है, भूमि में उपस्थित सूक्ष्म जीव जलकर नष्ट हो जाते हैं। सूक्ष्म जीवों के नष्ट होने के फलस्वरुप जैविक खाद का निर्माण बंद हो जाता है। भूमि की ऊपरी परत में ही पौधों के लिए आवश्यक पोषक तत्व होते हैं, आग लगने के कारण पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं। भूमि कठोर हो जाती है जिसके कारण भूमि की जलधारण क्षमता कम हो जाती है और फसले सूख जाती है। खेत की सीमा पर लगे पेड़, पौधे आदि जलकर नष्ट हो जाते हैं, पर्यावरण प्रदूषण होता है, वातावरण के तापमान में वृद्धि होती है इससे धरती गर्म हो जाती है। कार्बन से नाइट्रोजन व फास्फोरस का अनुपात कम हो जाता है तथा केंचुए नष्ट हो जाते हैं। इस कारण भूमि की उर्वरक क्षमता खत्म हो जाती है। अत: किसानों से कहा गया है कि नरवाई नहीं जलाए। खेतों में गेहूं की कटाई के बाद बची हुई नरवाई जलाने पर किसानों पर जुर्माना लगाने का प्रावधान भी है।उपसंचालक कृषि श्रीमती नीलम सिंह चौहान ने बताया कि विगत में कुछ सालों से यह देखने में आया है कि गेहूं की 80 प्रतिशत कटाई कंबाइन हार्वेस्टर द्वारा की जा रही है। हार्वेस्टर से कटाई करने के बाद एक फीट ऊंची गेहूं के डंठल खेत में रह जाते हैं जिससे किसान खेत की सफाई के लिए आग लगाकर जला देते हैं। इसके स्थान पर किसानों को सलाह दी गई है कि गेहूं की डंठलों को रोटावेटर चलाकर बारीक कर सकते हैं। गहरी जुताई करके डंठलों को मिट्टी में मिलावे। जिन किसानों के पास सिंचाई के लिए पानी है वे खेतों में स्प्रिंकलर के माध्यम से पानी देकर 20 मिलीलीटर डी कंपोजर को 200 लीटर में मिलाकर एक एकड़ में छिड़काव कर सकते हैं।

## अवैध शराब जब्त

रतलाम 01 अप्रैल 2024/ कलेक्टर श्री राजेश बाथम के निर्देशन में जिला आबकारी विभाग द्वारा सक्रियता के साथ कार्यवाही करते हुए रतलाम ग्रामीण में अवैध शराब जब्त की गई। सहायक आयुक्त डॉ. शादाब अहमद सिद्दीकी ने बताया कि 31 मार्च को मुखबिर सूचना प्राप्त कर ग्राम वाक्यापडा से शांति पति कैलाश से 12 नग बीयर व 40 पाव सुपर मास्टर व जितेन्द्र पिता रामलाल से 12 नग बीयर व 50 पाव सुपर मास्टर जब्त कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम धारा 34 (1) के तहत 02 प्रकरण कायम कर कुल 90 पाव विदेशी मदिरा व 24 बीयर जप्त की गई। जप्त मात्रा की अनुमानित कीमत 13050 रूपए हैं। उक्त कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री पी.सी. केरवार, आबकारी वृत्त प्रभारी पुष्पराज चौहान, आबकारी उप निरीक्षक श्रीमती वंदना अग्रवाल, श्री अशोक दवे, कांस्टेबल श्री भगवती सोलंकी, पुष्पा मीना श्री बनसिंह शामिल थे।

# कलेक्टर श्री जैन ने किया डूंगलावदा में उपार्जन केंद्र का निरीक्षण

## गेहूं एवं चना उपार्जन व्यवस्था का लिया जायजा

नीमच , कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने सोमवार को नीमच क्षेत्र के डूंगलावदा में स्थापित गेहूं, चना समर्थन मूल्य पर उपार्जन केंद्र का निरीक्षण कर उपार्जन के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर श्री जैन ने उपस्थित किसानों से चर्चा कर, उन्हें समर्थन मूल्य पर गेहूं, चना विक्रय के लिए लाने हेतु प्रेरित किया। कलेक्टर ने उपार्जन कार्य में लगे कर्मचारियों से कहा कि वे पंजीकृत सभी किसानों से संपर्क कर उनके स्लॉट बुकिंग करवाकर, गेहूं, चना विक्रय के लिए लाने के लिए प्रेरित करें और उपार्जन कार्य को एक सप्ताह में पूर्ण करवाये। कलेक्टर श्री जैन ने डूंगलावदा उपार्जन केंद्र पर किसानों के लिए की गई छाया, पेयजल व्यवस्था,तोल के लिए इलेक्ट्रानिक तोल कांटे की व्यवस्था, गेहूं छानने के लिए छानने की व्यवस्था, नमी मापक यंत्र की व्यवस्था, बारदान की व्यववस्था, भण्डारण की व्यवस्था, उपार्जित गेंहू के परिवहन की व्यवस्था, भुगतान व्यवस्था का अवलोकन कर जायजा लिया। उन्होने गेहूं उपार्जन केंद्रों एवं शासन व्दारा निर्धारित मूल्य से संबंधित फ्लेक्स, बैनर लगाने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने उपार्जन केंद्र पर उपलब्ध शिकायत एवं सुझाव पंजी, बारदानों और बारदानों पर लगाये जाने वाले टेग्स का अवलोकन भी किया। इस मौके जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद, सहायक आपूर्ति अधिकारी श्री आरएन दिवाकर एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी तथा किसान भाई उपस्थित थे।

## बालिकाओं का तिलक लगाकर किया स्वागत

### कन्या शिक्षा परिसर रतलाम में प्रवेश उत्सव मनाया गया

रतलाम नवीन शिक्षा सत्र प्रारंभ होने पर कन्या शिक्षा परिसर रतलाम में प्रवेश उत्सव मनाया गया । कक्षोन्नत बालिकाओं के नवीन कक्षा में प्रवेशित होने पर उनका तिलक लगाकर स्वागत किया गया और उनके अभिभावकों को का सम्मान किया गया।संस्था प्राचार्य श्री गणतंत्र मेहता ने सरस्वती पूजन कर नव प्रवेशित बालिकाओं को पुस्तकें प्रदान की तथा उनका नवीन कक्षा में प्रवेश करवाया । इस अवसर पर प्राचार्य श्री मेहता ने कहा कि नया शिक्षा सत्र हम सभी की उम्मीदों पर खरा उतरे और हम अपनी मेहनत से इसे सार्थक करें। नई कक्षा में प्रवेश होना जीवन के एक नए सोपान पर कदम रखने के समान है । सभी बालिकाएं इस नई कक्षा में मन लगाकर अध्ययन करें और बेहतर परीक्षा परिणाम लाकर और आगे बढ़ें। इस अवसर पर संस्था के शैक्षणिक स्टाफ ने बालिकाओं को उत्तीर्ण कक्षा की अंक सूची का वितरण किया तथा नवीन कक्षा में प्रवेशित होने पर शुभकामनाएं प्रदान की । **सेल्फी प्वाइंट भी लगाया गया**
नवीन कक्षा में प्रवेश पर बालिकाओं में उत्साह का संचार करने के लिए विद्यालय परिसर में एक सेल्फी प्वाइंट भी स्थापित किया गया। प्रवेशित बालिकाओं ने इस सेल्फी पॉइंट में अपनी तस्वीर खिंचवाई। इस दौरान विद्यार्थियों के माता-पिता एवं संस्था परिवार के सदस्य मौजूद थे।

# सीएम राईज स्कूल नीमच में प्रवेशोत्सव सम्पन्न

## कलेक्टर एवं सीईओ ने बच्चों को वितरित की पाठ्य पुस्तकें

नीमच प्रदेश के साथ ही नीमच जिले में भी सभी शासकीय शालाओं में स्कूल चले हम अभियान के तहत प्रवेशोत्सव आयोजित किए गए। तिलक लगाकर एवं पुष्पहार पहनाकर, नव प्रवेशी बच्चों का स्वागत किया गया और विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तके वितरित की गई। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीएम राईज स्कूल नीमच में सोमवार को कलेक्टर श्री दिनेश जैन, जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री सीके शर्मा की उपस्थिति में प्रवेशोत्सव आयोजित किया गया। कलेक्टर श्री दिनेश जैन एवं जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद ने पुष्पहार पहनाकर एवं तिलक लगाकर नव प्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत किया और उन्हें निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरित की। स्कूल चले हम अभियान के तहत कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ को अपने स्कूल में अपने बीच पाकर छात्र-छात्राएं काफी उत्साहित नजर आ रहे थे।

# प्राधिकृत मीडिया प्रतिनिधियों पोस्टल बैलेट से मतदान करने की सुविधा

रतलाम / भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राधिकृत पत्रकारो को इस बार लोकसभा निर्वाचन 2024 में पोस्टल बैलेट से मतदान करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। रतलाम जिले के सभी प्राधिकृत मीडिया प्रतिनिधियों को फॉर्म 12 डी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। अत: पोस्टल बैलेट से मतदान करने के इच्छुक पत्रकार बंधु अपनी जानकारी बुधवार 3 अप्रैल शाम 6 बजे तक अनिवार्य रूप से जिला जनसंपर्क कार्यालय रतलाम में जमा कराए।

# पांच सिद्धांतों संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा व समर्पण पर कार्य करती है भारत विकास परिषद-अग्रवाल

शाखाओ द्वारा विभिन्न सेवार्थ एवं सामाजिक क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों से सभी को अवगत कराया

भारत विकास परिषद के उज्जैन रीजनल महासचिव ग्वालियर रिजनल सचिव सहित राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारीयो का हुआ जिले में आगमन

मध्य भारत पश्चिम प्रांत की 15 शाखा हुई सम्मानित, सभी शाखाओ के पदाधिकारीयो ने अपने क्षेत्र मे हो रहे सेवा एवं संस्कार कार्यो के बारे में विस्तार से बताया




जावद । भारत विकास परिषद मध्य भारत पश्चिम प्रान्त की प्रान्तीय परिषद् की बैठक मंगलम रिंसेरट् नीमच मे संपन्न हुई। बैठक मे प्रदीप अग्रवाल, उज्जैन रीजनल महासचिव, सुनील सिंहल, नीमच रीजनल सचिव (सेवा), रेखा पोरवाल, मंदसौर, नेशनल प्रोजेक्ट मेंबर महिला एवं बाल विकास, क्षेत्रीय पर्यवेक्षक सुरेन्द्र प्रधान, ग्वालियर, रीजनल सचिव (संस्कार), मध्य भारत पश्चिम प्रांत के अध्यक्ष प्रदीप चोपड़ा, महासचिव घनश्याम पोरवाल एवं सुनिल लंवगीकर विशेष रूप से उपस्थित रहे। सर्व प्रथम उपस्थित अतिथियों ने भारत माता व स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण,, दीप प्रजल्वित व राष्ट्रगीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

अपने उद्बोधन में रीजनल व प्रांतीय पदाधिकारीयो ने उपस्थित भारत विकास परिषद की शाखाओं के पदाधिकारियों व सदस्यो को कहा कि हमे सेवाकार्य ही करना है। हमे यह लक्ष्य बनाना है कि हम कम से कम 10 निर्धन परिवार की मदद करे। निर्धन परिवारों की मदद हमे राशि देकर नही बल्कि उनके परिवार में किसी एक को अपने रोजगार के लिए योग्य बनाकर उन्हें कार्य करने के लिए सम्बंधित उपकरण देना है जिससे वे आत्मनिर्भर बन सके। आगे पदाधिकारीयो ने कहा कि भारत विकास परिषद देश का ऐसा समाजसेवी संगठन है, जहां पद नहीं, सेवा की कामना लेकर लोग आते हैं। परिषद के कार्य, अपेक्षाएं, सेवा भाव, सामाजिक क्षेत्र में कार्य कर रही है। परिषद वर्षों से सेवा कार्य कर रही है। उसकी तमाम शाखाएं देशभर फैली हैं, जिनसे लाखों लोग जुड़े हैं। परिषद के पदाधिकारी गरीब लोगों की मदद के लिए हर समय तैयार रहते हैं। पांच सिद्धांतों संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा व समर्पण पर कार्य करती है। भारत विकास परिषद के सेवा प्रकल्पों के बारे में प्रकाश डालकर कहा कि सतत सेवा करना ही हमारा परम लक्ष्य है। प्रांत की शाखाओ द्वारा नेत्रदान व मेडिकल इक्यूपमेंट बैंक, चलित एम्बुलेंस स्थायी जल मंदिर, आक्सीजन कंसेटेटर ई लायब्रेरी एवं वाचनालय , वेंटिलेटर के साथ कई स्थायी प्रकल्पों सहित विभिन्न सेवाओं की जमकर तारिफ करी। परिषद की नई नीतियों, अपेक्षाओं एवं कार्यों पर विस्तार से चर्चा की व स्थाई प्रकल्प के लिऐ उपस्थित शाखाओ से आग्रह किया। भारत विकास परिषद की नीमच शाखा के आतिथ्य में आयोजित बैठक व कार्यों की प्रंशसा की। उपस्थित शाखाओ के अध्यक्ष सहित पदाधिकारीयो ने अपना परिचय देकर शाखा द्वारा विभिन्न सामाजिक एवं सेवाओं के क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों से सभी को अवगत कराया।

प्रांत की गौरवशाली शाखाऐं हुई सम्मानित—

भारत विकास परिषद की मध्य भारत पश्चिम प्रांत की सत्र 2023-24 की गौरवशाली शाखाओं को रीजनल व प्रांत से आये पदाधिकारीयों ने उनके द्वारा अपने क्षेत्र मे किये जा रहे सेवा कार्यो को लेकर सम्मानित किया गया। जिसमे श्यामगढ़ शाखा को श्रेष्ठ सेवार्थ गतिविधि, नेत्रदान, रक्तदान एवं सर्वाधिक नेत्र शिविर व स्वास्थ शिविर, जावरा शाखा को सर्वाधिक नेत्रदान, रक्तदान, भारत को जानो प्रतियोगिता, आगर शाखा को स्थायी प्रकल्प, वाचनालय, ईलायब्रेरी, दो स्थाई जल मंदिर, नीमच शाखा, पर्यावरण सर्वाधिक वृक्षारोपण, विवेकानंद नीमच श्रेष्ठ संस्कार गतिविधि, सर्वाधिक सदस्य संख्या, विक्रमादित्य उज्जैन शाखा को श्रेष्ठ सेवार्थ गतिविधि, सर्वाधिक मेघा स्वास्थ्य शिविर, मंदसौर शाखा को श्रेष्ठ प्रांतीय आयोजन, राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता, देवास शाखा को श्रेष्ठ प्रांतीय आयोजन महिला सम्मेलन, आदिशक्ति, संदीपनी उज्जैन शाखा को प्रांतीय आयोजन भारत को जानो प्रतियोगिता, जावद शाखा को उत्कृष्ट सेवार्थ गतिविधि ग्राम विकास सहायता, नेत्रदान, गरोठ शाखा को उत्कृष्ट सेवार्थ नेत्र शिविर एवं नेत्रदान, मनासा शाखा को उत्कृष्टता सेवा सम्मान वृक्षारोपण, उज्जैन मेन शाखा को स्वास्थ्य शिविर, महाकांल उज्जैन शाखा को उत्कृष्टता सेवा सम्मान रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, अवंतिका उज्जैन को कन्या विवाह, स्वास्थ शिविर व श्रेष्ठ प्रांतीय प्रकल्प संयोजक पूजा चित्तोड़ा को सम्मानित किया गया। प्रांतीय परिषद की बैठक नीमच शाखा द्वारा आयोजित की गई । जिसमे स्वागत भाषण शाखा अध्यक्ष डॉ. मनीष चमड़िया, मंच का संचालन सुशील गट्टानी द्वारा किया गया। इस अवसर पर 15 शाखाओ के पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित थे। उक्त जानकारी प्रांतीय मीडिया प्रभारी दीपेश जोशी द्वारा दी गई।

**अमेरिका के राजदूत ने बाइडन के आदेश को दोहराया**

# भारत में वीजा प्रतीक्षा समय को कम करेगा अमेरिका

**न्यूयॉर्क।** अक्सर देखा गया है कि भारतीयों को अमेरिका के वीजा के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है। इस मामले में अमेरिका के राष्ट्रपति का नया आदेश राहत देने वाला है। बाइडेन ने आदेश दिया है कि अमेरिका भारत में वीजा प्रतीक्षा समय को कम करेगा। भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गासेर्टी ने ये बातें बताई हैं। उन्होंने वीजा नियुक्तियों और प्रतीक्षा समय पर जोर डालते हुए कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडन ने उन्हें भारत में वीजा के लिए प्रतीक्षा समय को कम करने का आदेश दिया है। यह पहला उदाहरण है जब अमेरिका द्वारा किसी भी देश में इस बात पर गौर करने के लिए कहा गया है। गासेर्टी ने यह भी कहा कि ग्रीन कार्ड बैकलॉग का मुद्दा भी एक बड़ी समस्या है और जल्द ही इसका भी समाधान हो जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि कई वीजा मामलों देखते हुए यह निर्णय लिया गया है, इस आदेश से प्रतीक्षा समय में 75 प्रतिशत की कमी आएगी।




### अमेरिका की कुछ विधायी सीमाएं हैं- गासेर्टी

अमेरिका के राजदूत ने कहा कि बात चाहे अप्रवासियों की हो, ग्रीन कार्ड की हो या स्थाई नागरिकता लेने वाले लोगों की हो, अमेरिका में भी सभी देशों की तरह किसी भी काम के लिए कुछ विधायी सीमाएं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ये मानक भारतीयों के लिए निराशाजनक हैं क्योंकि बहुत सारे भारतीय हैं जो अमेरिका जाना चाहते हैं। गासेर्टी ने बताया कि अमेरिका का वीजा लेने वाले छात्रों की संख्या के मामले में भारत मैक्सिको के बाद दूसरे स्थान पर है। साल 2023 में 245,000 से अधिक भारतीय छात्र वीजा लेकर अमेरिका आए थे।

### राष्ट्रपति बाइडन ने दिया यह आदेश

गासेर्टी ने कहा कि अमेरिका ने पूरे भारत में वीजा देने को मामले में 60 प्रतिशत की वृद्धि की और प्रतीक्षा समय को 75 प्रतिशत तक कम कर दिया है। उनसे पूछा गया कि वीजा की समय सीमा में 75 प्रतिशत की कमी के बावजूद 250 दिनों की प्रतीक्षा अवधि क्यों है? इसके जवाब में उन्होंने कहा कि इस मामले में राष्ट्रपति बाइडन भारत में वीजा प्रतीक्षा समय को कम करने का आदेश दिया है। यह शायद पहली बार है, जब किसी राष्ट्रपति ने किसी देश के राजदूत से ऐसा कहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्रपति बाइडन के लिए यह बड़ी प्राथमिकता है और इसके लिए डेमोक्रेट, रिपब्लिकन और निर्दलीयों को एक साथ आने की आवश्यकता होगी।

**बाल्टीमोर पुल हादसा : तय नहीं कि मलबा हटाने में कितना समय लगेगा, इसके बाद ही लौट सकेंगे देश**

# हफ्तेभर से जहाज पर फंसा है भारतीय दल, दांव पर लगी जान

**बाल्टीमोर।** अमेरिका के बाल्टीमोर में फ्रांसिस स्कॉट पुल हादसे के करीब सप्ताहभर बाद भी चालक दल के 20 भारतीय सदस्य जहाज पर फंसे हुए हैं। हालांकि, कहा यह भी जा रहा है कि चालक दल जहाज की देखरेख भी कर रहे हैं। इस दौरान वे अधिकारियों के सवालों का जवाब भी दे रहे हैं।

दुर्घटनाग्रस्त जहाज डाली बाल्टीमोर के बंदरगाह में फंसा हुआ है और फिलहाल, यह तय नहीं है कि मलबे को हटाने में कितना वक्त लगेगा। ऐसे में चालक दल के सदस्यों का जीवन अनिश्चितता में फंस गया है, लेकिन एक बात निश्चित है कि वे अब निकट भविष्य में दक्षिण अफ्रीका होते हुए अपने गंतव्य श्रीलंका के लिए रवाना नहीं होने वाले। जहाज का प्रबंधन करने वाली कंपनी सिनर्जी मरीन के लिए काम करने वाले क्रिस जेम्स ने कहा, चालक दल के सदस्यों के पास भोजन और पानी की पर्याप्त आपूर्ति है। जब राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड व तटरक्षक अपनी जांच पूरी कर लेंगे, तो चालक दल को बदला जा सकता है। जहाज पर तैनात मौजूदा चालक दल के सदस्यों को घर भेजा जा सकता है।



### जहाज पर लदे हैं 4,700 कंटेनर

हादसाग्रस्त कार्गो जहाज 985 फुट लंबा है। श्रीलंका जा रहे जहाज पर 4,700 कंटेनर लदे हैं। गत मंगलवार को भोर में बिजली आपूर्ति बाधित होने के बाद जहाज पुल से टकरा गया था। इससे पुल का एक बड़ा हिस्सा ताश की पत्ते की तरह गिर गया था। वहां निर्माण कार्य कर रहे छह लोग मारे गए थे।

### भारतीय चालक दल की तत्परता से बची कई जानें

चालक दल ने बिजली आपूर्ति बाधित होने के तत्काल बाद मेडे कॉल (मदद की मांग संबंधी सूचना) प्रसारित कर दी थी। इससे पहले कि जहाज पुल से टकराता पुलिस को उस तरफ जाने वाले जहाजों को रोकने में मदद मिली। सूचना जारी करने में देरी होती, तो कई जानें जा सकती थीं। भारतीय चालक दल की इस तत्परता की अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने भी तारीफ की है।

### इंजीनियरों ने शुरू किया मलबा हटाने का काम

इंजीनियरों की टीमों ने शनिवार को क्षतिग्रस्त पुल से मुड़े हुए लोहे के पहले खंड को काटने व उसके मलबे को उठाने की जटिल प्रक्रिया पर काम शुरू कर दिया है। अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि पुल के ध्वस्त ढांचे के उत्तरी हिस्से के शीर्ष पर काम किया जा रहा है। लोहे को काटने के लिए भारी-भरकम कटर मशीनों का इस्तेमाल किया जा रहा है।

### लगाई गईं 1,000 टन वजन उठाने वाली क्रेन

पुल के मलबे को हटाने के लिए 1,000 टन वजन उठाने में सक्षम एक विशाल क्रेन को लगाया गया है। कुछ अलग क्षमताओं की क्रेनें भी लगाई गई हैं। 10 टगबोट, नौ बजरे, आठ बचाव जहाज व पांच तटरक्षक नावें भी मलबा हटाने के काम में मदद कर रही हैं। मैरीलैंड के गवर्नर वेस मूर ने कहा, मलबा हटाने और बंदरगाह को खोलने में कितना वक्त लगेगा, अभी तय नहीं है।

# दमोह के रेलवे स्टेशन को एयरपोर्ट की तरह बनाने की तैयारी

**दमोह।** अमृत भारत योजना के तहत दमोह के रेलवे स्टेशन का नवीनीकरण किया जा रहा है। छह महीने में दमोह रेलवे स्टेशन पर भी अत्याधुनिक सुविधाएं यात्रियों को मिलने लगेंगी। यह स्टेशन भी अब एयरपोर्ट की तरह दिखाई देने लगेगा।

रेलवे स्टेशन पर 25 करोड़ रुपये की लागत से तीन चरणों में काम होना है। पहले एवं दूसरे चरण का काम चल रहा है। इसमें स्टेशन के सकुर्लेटिंग एरिया को तोड़कर नया आकार दिया जा रहा है। स्टेशन के बाहर दो मुख्य गेट बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा बाहरी आवरण को तोड़कर एयरपोर्ट की तर्ज पर नया लुक दिया जा रहा है। स्टेशन के बाहर नया पार्किंग स्थल बनाया जा रहा है। चारों ओर से सीसी का कार्य पूरा हो चुका है। पूरे क्षेत्र में लैम्प लगाए जा रहे हैं। यहां दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों को एक साथ पार्क किया जा सकेगा। इधर प्लेटफॉर्म नंबर एक की ऊंचाई बढ़ाने का काम पूरा हो चुका है। अब इसमें लगाए गए मार्बल स्टोन की फिनिशिंग का काम चल रहा है। इसी तरह प्लेटफॉर्म नंबर एक एवं दो पर भी पुराने फर्श पर लगे मार्बल को उखाड़कर नए मार्बल स्टोन लगो जा रहे हैं। टीनशेड की लंबाई बढ़ाने के लिए गड्ढे भी खोदे जा चुके हैं।




### नए भवनों का निर्माण किया जा रहा है

आरक्षण केंद्र एवं बिजली ऑफिस के लिए विश्राम गृह के बाजू से पुराने भवन को तोड़कर नए भवन बनाए जा रहे हैं। भवन बनने के बाद ही आरक्षण केंद्र व बिजली ऑफिस को शिफ्ट किया जाएगा। इसके बाद बिजली ऑफिस को तोड़कर वहां पर दो नंबर गेट बनेगा। आरक्षण केंद्र की जगह मिनी गार्डन बनाया जाएगा।

### तीसरे चरण में बनेगा फुटब्रिज व एस्केलेटर

दमोह स्टेशन पर एक नया फुटब्रिज भी स्वीकृत है। यह प्लेटफॉर्म नंबर एक के माल गोदाम के आगे से प्लेटफॉर्म नंबर दो के टीनशेड एरिया के सामने तक बनेगा। इसी नए फुटब्रिज पर एस्केलेटर भी लगाया जाएगा। उसके बाजू से सीढ़ियां भी लगेंगी। यह काम तीसरे चरण में होगा।

### बदल जाएगा स्टेशन का स्वरूप

स्टेशन प्रबंधक मुकेश कुमार जैन ने बताया कि अमृत भारत योजना के तहत स्टेशन के जीणोद्धार का काम जोरों पर चल रहा है। आगामी दिनों में स्टेशन का पूरा स्वरूप बदल जाएगा और यह किसी एयरपोर्ट की तरह नजर आएगा। पूरे काम होने में करीब छह से आठ माह का समय लग सकता है।

# अमेरिका में गायों के संपर्क में आया व्यक्ति दुर्लभ बर्ड फ्लू से हुआ संक्रमित



**वॉशिंगटन:** टेक्सास में एक व्यक्ति दुर्लभ बर्ड फ्लू से संक्रमित पाया गया है। अधिकारियों का दावा है कि यह व्यक्ति संक्रमित गायों के संपर्क में था। टेक्सास के स्वास्थ्य अधिकारियों ने विस्तृत ब्यौरा दिए बिना सोमवार को बताया कि मरीज को एंटीवायरल दवा दी जा रही है। उन्होंने बताया कि इस व्यक्ति में बर्ड फ्लू का एकमात्र लक्षण उसकी आंखों का लाल होना था। संघीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि विश्व स्तर पर किसी स्तनपायी से बर्ड फ्लू के इस प्रकार के संक्रमण का यह पहला ज्ञात मामला है। रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (सीडीसी) के प्रधान उप निदेशक डॉ. नीरव शाह ने कहा कि व्यक्ति-से-व्यक्ति में बर्ड फ्लू फैलने या मवेशी के दूध या मांस से किसी के संक्रमित होने का कोई सबूत नहीं है। शाह ने कहा कि आनुवंशिक परीक्षण यह नहीं बताते हैं कि वायरस अचानक अधिक आसानी से फैल रहा है या यह अधिक गंभीर बीमारी का कारण बन रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान एंटीवायरल दवाएं अब भी प्रभावी हैं। शाह ने कहा कि पिछले हफ्ते, टेक्सास और कन्सास में गायों के बर्ड फ्लू से संक्रमित होने की सूचना मिली थी। संघीय कृषि अधिकारियों ने बाद में मिशिगन की डेयरी में संक्रमण की पुष्टि की, जहां हाल में कुछ गायें टेक्सास से ले जाई थीं। उन्होंने कहा कि सैकड़ों प्रभावित गायों में से किसी की भी मौत नहीं हुई है। 2020 के बाद से, बर्ड फ़्लू का वायरस विभिन्न देशों में कुत्तों, बिल्लियों, भालुओं और यहां तक ??कि सील आदि जानवरों में फैल रहा है। सीडीसी के पूर्व महामारी विशेषज्ञ डॉ. अली खान ने कहा कि अमेरिकी पशुओं में इस बीमारी का पता लगाना आसान नहीं है। डॉ. खान अब नेब्रास्का विश्वविद्यालय के सार्वजनिक स्वास्थ्य कॉलेज के डीन हैं। बर्ड फ्लू के इस वायरस को पहली बार 1997 में हांगकांग में प्रसार के दौरान लोगों के लिए खतरे के रूप में पहचाना गया था। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, पिछले दो दशक में बर्ड फ्लू के संक्रमण से 460 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। अधिकतर संक्रमित लोगों को यह संक्रमण सीधे पक्षियों से हुआ। वैज्ञानिक लोगों के बीच इसके फैलने के किसी भी संकेत के प्रति सतर्क रहे हैं।

**नाव में सवार थे 15 यात्री, जलपाईगुड़ी में राज्यपाल ने किया तबाही का मुआयना**

# तूफान-बारिश से ब्रह्मपुत्र नदी में डूबी

**गुवाहाटी।** असम में ब्रह्मपुत्र नदी में एक नाव के पलटने से चार साल के बच्चे की मौत हो गई है। हादसे के बाद से दो लोग लापता हैं। सोमवार को एक अधिकारी ने बताया कि भारी बारिश और तूफान के चलते नाव पलटी। घटना असम के दक्षिणी सलमारा-मनकाचर जिले की है। असम के आपदा प्रबंधन अथॉरिटी के सीईओ ज्ञानेंद्र देव त्रिपाठी ने बताया कि रविवार शाम को राज्य के कई इलाकों में तेज बारिश और तूफान आया, जिससे पेड़ और बिजली के खंभे गिर गए। कई घरों को भी नुकसान हुआ। वहीं जलपाईगुड़ी में आए तूफान को लेकर राजनीतिक बयानबाजी भी शुरू हो गई है।

ज्ञानेंद्र देव त्रिपाठी ने बताया कि शाम करीब पांच बजे सिशुमारा घाट से नेपुरेर अलगा घाट जा रही एक नाव नेपुरेर अलगा गांव के करीब पलट गई। इस हादसे में एक चार साल के बच्चे की मौत हो गई, जिसकी पहचान सामिन मंडल के रूप में हुई है। वहीं कोबात अली मंडल (56 वर्ष) इस्माइल अली (8 वर्ष) लापता हैं। जिस वक्त नाव हादसे का शिकार हुई, उस वक्त नाव पर 15 यात्री सवार थे। नाव पलटने के बाद अन्य यात्रियों को स्थानीय लोगों ने बचा लिया। राज्य की आपदा प्रबंधन की एक टीम लापता लोगों की तलाश में जुटी है। ढुबरी और गोलपाड़ा जिलों से गहरे पानी में उतरने वाले तैराक बुलाए गए हैं। एसडीआरएफ के जवान नौकाओं के जरिए लापता लोगों की तलाश में जुटे हैं। ज्ञानेंद्र प्रसाद त्रिपाठी ने बताया कि बचाव अभियान की निगरानी के लिए ड्रोन्स और पायलट भी घटनास्थल पर भेजे गए हैं।



**रैली में लोग बैनर और पोस्टर लेकर पहुंचे, जिसमें लिखा था- अबकी बार 400 पार**

# मोदी के तीसरे कार्यकाल के समर्थन में अमेरिका में कार रैली

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी (ओएफबीजेपी-यूएसए) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के समर्थन में 20 अलग-अलग शहरों में कार रैलियां निकाली। उन्होंने भारत के लोगों से आगामी चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए को 400 से अधिक सीट दिलाकर भारी बहुमत से विजयी बनाने का आग्रह किया।

ओएफबीजेपी-यूएसए के अध्यक्ष अदापा प्रसाद ने कहा, अमेरिका में भारतीय समुदाय नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा और एनडीए को 400 से अधिक सीट पर जीतता देखने के लिए बहुत उत्साहित है। मैंने भारतीय-अमेरिकी प्रवासियों में ऐसा उत्साह इससे पहले कभी नहीं देखा था। ओएफबीजेपी-यूएसए के राष्ट्रीय महासचिव वासुदेव पटेल ने कहा, ओएफबीजेपी द्वारा पूर्वी तट से पश्चिमी तट और उत्तर से दक्षिण तक लगभग 20 शहरों में आयोजित कार रैलियों में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया है। अमेरिका की राजधानी और उसके आसपास के इलाकों में सिख समुदाय के लोगों ने भी पीएम मोदी के समर्थन में कार रैली निकाली। उन्होंने बताया कि भाजपा की जीत न केवल भारत के लिए बल्कि दुनिया में भी शांति और स्थिरता लाने के लिए महत्वपूर्ण होगी।




### 20 शहरों से 300 लोग हुए शामिल

रैली में करीबन 200 कारों को शामिल किया गया था। इसमें भाग लेने के लिए विभिन्न शहरों से करीबन 300 लोग पहुंचे। अटलांटा, जॉर्जिया में 150 कारों ने इस रैली में हिस्सा लिया। इस रैली में लोग बैनर और पोस्टर लेकर पहुंचे, जिसमें लिखा था, अबकी बार 400 पार, मोदी 3.0 के लिए सिख अमेरिकी, मोदी गारंटी। लोगों ने 2024 लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते हुए देखने की इच्छा जताई। बता दें कि कार रैली वॉशिंगटन डीसी के मैरीलैंड में आयोजित की गई। इस रैली में शामिल होने वाले लोग पहले गुरुद्वारे गए और फिर वहां से रैली वाले स्थान पर पहुंचे। सभी कारों को भाजपा और अमेरिकी झंडो से सजाया गया था।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती ज्योती मिश्रा द्वारा कॉम्पेक प्रिंटर्स प्रा. लि. फ्री प्रेस हाउस 3/54, प्रेस कॉम्पलेक्स, ए.बी. रोड, इंदौर से मुद्रित एवं 45ए गुप्ता चैम्बर पहली मंजिल जावरा कंपाउंड इंदौर, (म.प्र.) से प्रकाशित।
प्रधान सम्पादक : अशीष मिश्रा आर.एन.आई. पंजीयन क्रमांक : एमपी/एच/आइएन 2009/34385 फोन नं : 0731-4202569 फैक्स नं : 0731-4202569